卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 18 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर( ऊधमसिंहनगर ) ♦शनिवार ♦25 अक्टूबर 2025 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## यूसीसी के तहत लिव-इन के नियमों में बदलाव की तैयारी

देहरादून। प्रदेश सरकार समान नागरिक संहिता के तहत लिव इन संबंधों में रहने वाले जोड़ों के लिए जरूरी सूचनाओं में छूट देने की तैयारी में है। इसके लिए गृह विभाग ने न्यायालय में शपथ पत्र भी प्रस्तुत किया है। सरकार का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि विवाह पंजीकरण और लिव इन संबंधों की सूचना प्रक्रिया में निजता का अधिकार पूरी तरह सुरक्षित रहे। प्रदेश में समान नागरिक संहिता लागू है, जिसके तहत विवाह पंजीकरण और लिव इन संबंधों को पंजीकृत करने की व्यवस्था है। हालांकि, कुछ समय पहले लिव इन नियमों को लेकर अदालत में याचिका दायर की गई थी, जिसमें जोड़ों ने यह तर्क दिया था कि वर्तमान नियम




निजता के अधिकार का उल्लंघन करते हैं। इस पर सरकार ने शपथ पत्र देकर अदालत को आश्वस्त किया कि नियमों में ढील देने की संभावना पर विचार किया जा रहा है। प्रस्तावित बदलावों के तहत लिव इन में रहने वाले जोड़ों को कुछ सूचनाओं की अनिवार्यता से छूट दी जा सकती है। इसमें सबसे महत्वपूर्ण यह है कि लिव इन में आने वाले जोड़े को पहले से तलाकशुदा या पहले लिव इन में रहने की जानकारी देने की बाध्यता समाप्त की जा सकती है। इसके अलावा लिव इन संबंध समाप्त होने के बाद गर्भवती होने या जन्म की सूचना देने की अनिवार्यता भी खत्म की जा सकती है। सरकार बालिग (शेष पृष्ठ सात पर)

## कंटेनर और ट्रैक्टर की भिड़ंत में युवक की मौत,एक घायल

रुड़की(उद संवाददाता)। रुड़की के गंगनहर कोतवाली क्षेत्र में शनिवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में ट्रैक्टर सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा पनियाला गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुआ, जहां तेज रफ्तार कंटेनर ने ट्रैक्टर बोगी को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जानकारी के अनुसार, जैनपुर झंझेड़ी गांव निवासी अकबर (38 वर्ष) अपने साथी शब्बीर के साथ ट्रैक्टर




बोगी में ईंट लेकर पनियाला गांव के पास से गुजर रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार कंटेनर ने ट्रैक्टर बोगी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रैक्टर बोगी के परखच्चे उड़ गए और अकबर की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में घायल शब्बीर को स्थानीय लोगों की मदद से (शेष पृष्ठ सात पर)

## झोपड़ी में लगी आग,सिलेंडर फटने से मचा हड़कंप

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। लालडांट क्षेत्र स्थित साकेत कॉलोनी में बीती देर रात एक झोपड़ी में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। झोपड़ी में रखे गैस सिलेंडर में धमाका होने से आग ने विकराल रूप ले लिया और धमाके की आवाज से पूरा इलाका दहल उठा। गनीमत रही कि घटना के समय झोपड़ी में कोई मौजूद नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार, झोपड़ी में बटाई पर रहने वाला परिवार दीपावली मनाने अपने पैतृक गांव गया हुआ था। इसी बीच देर रात अचानक झोपड़ी में आग भड़क उठी। आग की लपटें उठती देख स्थानीय लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड और मुखानी थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही दमकल कर्मी और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया, लेकिन तब तक झोपड़ी में रखा सारा घरेलू सामान बिस्तर, कपड़े, बर्तन और अन्य जरूरी वस्तुएं जलकर राख हो चुकी थीं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, झोपड़ी में आग लगने के बाद गैस सिलेंडर में जोरदार धमाका हुआ, जिसकी आवाज दूर-दूर तक सुनाई दी। धमाके से आसपास के लोग दहशत में आ गए और इलाके में



अफरातफरी मच गई। पुलिस और फायर ब्रिगेड अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर आग के कारणों की जांच की। प्रारंभिक जांच में यह बात (शेष पृष्ठ सात पर)

## 12 लाख की चरस के साथ तस्कर गिरफ्तार

### एसटीएफ की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

हल्द्वानी।एसटीएफ की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने कोतवाली हल्द्वानी पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई में करीब 2 किलो 20 ग्राम अवैध चरस के साथ एक नशा तस्कर को धर दबोचा। ड्रग्स-फ्री देवभूमि अभियान के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ नवनीत भुल्लर के निर्देशों पर संचालित इस मुहिम में कुमाऊँ यूनिट ने डिग्री कॉलेज हल्द्वानी के पास से प्रभावी छापेमारी कर कार्रवाई अंजाम दी। प्रभारी निरीक्षक एसटीएफ पावन स्वरूप के नेतृत्व में की गई पूछताछ में पकड़े गए आरोपी ने माना कि चरस उसने चम्पावत



के नौलिया गांव से खरीदी थी और इसे मैदानी इलाकों में ऊँचे दामों पर बेचने के इरादे से लाया था। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान नारायण परगई पुत्र हरकिशन परगई,ग्राम कुकना, ओखलकांडा, थाना मुक्तेश्वर के रूप में हुई है, जो वर्तमान में जय दुर्गा कॉलोनी, हल्द्वानी में रह रहा है। आरोपी के कब्जे से बरामद कुल 2 किलो 20 ग्राम चरस की बाजार कीमत तकरीबन 12 लाख आंकी जा रही है। पूछताछ में उसने यह भी स्वीकार (शेष पृष्ठ सात पर)

## एसडीएम ने सरकारी अस्पताल में मारा औचक छापा

### अव्यवस्था देख भड़के एसडीएम,अस्पताल में मचा हड़कम्प

रामनगर(उद संवाददाता)।रामनगर के सरकारी अस्पताल की बदहाल कारी ललित मोहन रयाल के निर्देश पर एसडीएम प्रमोद कुमार ने अस्पताल का एसडीएम अस्पताल पहुंचे, कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। उन्होंने दवा स्टोर, संबंधित जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान मरीजों ने शिकायत की कि उन्हें जांच





व्यवस्था और अव्यवस्थित स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर लगातार उठ रही शिकायतों के बाद शनिवार को जिलाधि औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल की स्थिति देखकर एसडीएम स्वयं भी हैरान रह गए। जैसे ही एक्स-रे रूम, पैथोलॉजी लैब और वार्डों का बारीकी से निरीक्षण किया तथा भर्ती मरीजों से उपचार और सुविधाओं से बाहर से करानी पड़ रही है और दवाइयाँ भी अस्पताल से न देकर बाहर की दुकानों से लिखी जा रही (शेष पृष्ठ सात पर)

## सरेआम हथियार लहराने वाले दो युवक तमंचों सहित गिरफ्तार

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। पुलिस ने शांति व्यवस्था एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान दो युवकों को अवैध तमंचों के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी हाल ही में सोशल मीडिया पर तमंचे लहराते हुए वायरल हुए वीडियो के वही युवक निकले, जिनकी करतूत से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना था। कोतवाली पुलिस के अनुसार उपनिरीक्षक प्रियांशु जोशी अपनी टीम कानि0 गणेश धानिक व कानि0 सुन्दर सिंह के साथ शाम करीब 7:45 बजे चौकी रम्पुरा क्षेत्र में गश्त पर थे। इस दौरान मुखबिर खास से सूचना मिली कि कुछ दिन पहले रम्पुरा व रेशमबाड़ी क्षेत्र में हथियार लहराने वाले युवक फिलहाल एफएसएल रोड पर किच्छा बाईपास की ओर पैदल आ रहे हैं और उनके पास तमंचे हैं। सूचना पर विश्वास करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मुखबिर द्वारा बताए अनुसार दो युवकों को देखकर घेराबंदी की। पुलिस को देखकर दोनों युवक भागने लगे, जिन्हें पुलिस टीम ने दौड़कर पकड़ लिया। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम प्रियांशु कश्यप (19 वर्ष), निवासी दुधियानगर तथा तरुण कोली (19 वर्ष) निवासी रम्पुरा बताया।तलाशी लेने पर प्रियांशु कश्यप की जेब से एक नाजायज तमंचा .315 बोर तथा तरुण कोली की जेब से एक नाजायज तमंचा 12 बोर बरामद हुआ। पुलिस (शेष पृष्ठ सात पर)

## तबेले में गोबर लेने गए दो नाबालिगों के साथ बुजुर्ग ने किया दुष्कर्म

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। शहर में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, जहां दो नाबालिग बच्चों के साथ एक बुजुर्ग द्वारा अप्राकृतिक यौन शोषण किए जाने का आरोप लगा है। बच्चों के साथ प्राकृतिक यौन शोषण किए जाने की वीडियो वायरल होने पर इसकी जानकारी बच्चों की मां को भी लग गई, अपने बच्चों के साथ ऐसी हरकत देख मां का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया और आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर रम्पुरा पुलिस चौकी को तहरीर सौंपी और आरोपी के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की। जानकारी के अनुसार, मामला करीब दो महीने पुराना बताया जा रहा है। पीड़ित की मां का कहना है कि उसने अपने बेटे को उसके दोस्त के साथ गोबर लाने के लिए मोहल्ले में भेजा था। आरोप है कि उसी दौरान वहां मौजूद बुजुर्ग ने बच्चों के साथ अप्राकृतिक यौन शोषण के लिए विवश किया और उन्हें डराने-धमकाने की कोशिश की। महिला ने बताया कि उक्त आरोपी उसके बच्चों को बता रहा था कि उसके द्वारा कई बच्चों के साथ यह गंदा काम किया गया है। वह इससे पूर्व भी कई बच्चों को बहला- फुसलाकर(शेष पृष्ठ सात पर)

## धान तौल को लेकर धरने पर बैठे किसान

सितारगंज(उद संवाददाता)।धान तौल में पारदर्शिता और किसानों को सुविधा देने को लेकर कृषि उत्पादन मंडी समिति में किसान दो दिन से धरना दे रहे है। किसानों का धान भी नहीं तुल सका हैं। शनिवार को रीजनल मार्केटिंग ऑफिसर ने धरना स्थल पर पहुंचकर किसानों से वार्ता की। शनिवार को भी किसानों ने धान तोल को लेकर धरना दिया। कांग्रेस के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी नवतेज पाल सिंह ने आरोप लगाया कि 19 और 20 अक्टूबर को धान की तौल नहीं हुई है, लेकिन अवकाश के दिन धान सरकारी पोर्टल पर अंकित किया गया है। जो मिली भगत साबित कर रहा है। उन्होंने आरोप



लगाया कि किसानों की उपज की अधिक कटौती की जा रही है। उपज मापने वाला नमी मीटर पर भी किसानों ने उंगली उठाई। क्रय केंद्र खाली पड़े हैं। आरोप लगाया कि कांटों पर घटतौल की जा रही है। किसानों के विरोध के बाद संभागीय विपणन अधिकारी लता मिश्रा, सीनियर मार्केटिंग ऑफिसर(शेष पृष्ठ सात पर)

## तलवार के साथ नाबालिग पकड़ा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। पुलिस ने गश्त के दौरान एक नाबालिग युवक को तलवार के साथ हिरासत में लेकर बाल कल्याण अधिकारी को सुपुर्द किया है। पकड़े गए किशोर का हाल ही में तलवार लहराते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसके बाद पुलिस हरकत में आई। जानकारी के अनुसार उप निरीक्षक जितेन्द्र सिंह खत्री शाम को टीम के साथ चौकी बाजार क्षेत्र में शांति व्यवस्था एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग पर थे। जब पुलिस टीम रात करीब 8:52 बजे गल्ला मंडी (शेष पृष्ठ सात पर)

# प्रेमी ट्रक चालक ने सहयोगी महिला के साथ गला घोंटकर की थी हत्या, डीजल डालकर जलाया शव







## हरिद्वार पुलिस ने महिला की अधजली लाश की गुत्थी सुलझायी : काशीपुर निवासी सीमा खातून शादीशुदा थी और सलमान से प्रेम करती थी , दूसरी शादी करने को लेकर दोनों के बीच हुआ था झगड़ा, पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

हरिद्वार(उद संवाददाता)। श्यामपुर थाना क्षेत्र के हाईवे किनारे अधजली हालत में मिली महिला की लाश की गुत्थी को हरिद्वार पुलिस और सीआईयू (क्राइम इन्वेस्टिगेशन यूनिट) की टीम ने आखिरकार सुलझा लिया है। महिला की पहचान काशीपुर निवासी सीमा खातून के रूप में हुई है। सीमा शादीशुदा थी और ट्रक चालक सलमान से प्रेम करती थी और उसे कहीं और शादी नहीं करने देना चाहती थी। इसी के चलते दोनों में विवाद हुआ और सलमान ने अपनी महिला सहयोगी मेहरुन्निशा के साथ मिलकर चुन्नी से गला कसकर सीमा की हत्या करने के बाद शव की पहचान छिपाने के लिए डीजल डालकर जला दिया था। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। शुक्रवार को एसपी (अपराध) जितेंद्र मेहरा ने मायापुर स्थित एसपी सिटी कार्यालय में प्रेस वार्ता कर हत्याकांड का खुलासा किया। एसएसपी ने बताया 18 अक्तूबर को श्यामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गाजीवाली के पास हाईवे किनारे एक महिला का जला हुआ शव मिला था। केवल पैरों और बायां हाथ कलाई से नीचे का हिस्सा ही जलने से बचा था। एसएसआई की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की जांच के लिए सीओ सिटी शिशुपाल सिंह नेगी के पर्यवेक्षण में पुलिस और सीआईयू की पांच टीमों का गठन किया गया। टीमों ने करीब 400 वाहनों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और एएनपीआर कैमरों की मदद से एक सफेद कंटेनर ट्रक की पहचान की। जांच करते-करते टीम उधमसिंह नगर पहुंची जहां सीमा खातून की गुमशुदगी दर्ज थी। यहां सीमा के परिजनों ने शव की शिनाख्त की। पड़ताल में सामने आया कि सीमा को आखिरी बार मेहरुन्निशा (53), निवासी मझरा लक्ष्मीपुर, काशीपुर के साथ देखा गया था। उसे हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उसने पूरी कहानी उगल दी।एसपी जितेंद्र मेहरा ने बताया कि ड्रग सप्लायर मेहरुन्निशा को शक था कि सीमा ने उसके बेटे को एनडीपीएस मामले में मुखबिरी कर जेल भिजवाया है इसलिए वह सीमा से रंजिश रखती थी। वहीं सलमान और सीमा के बीच प्रेम संबंध थे लेकिन सलमान किसी और से विवाह करना चाहता था। इसी बात को लेकर दोनों का झगड़ा होता था। 17 अक्तूबर की शाम मेहरुन्निशा सीमा को लेकर सलमान के ट्रक में पहुंची। यहां फिर से सीमा और सलमान के बीच झगड़ा हुआ। इसी दौरान सलमान ने सीमा के गले में पड़ी चुन्नी को कस दिया। मेहरुन्निशा ने सीमा के हाथ पकड़े। सीमा की मौत होने के बाद दोनों ने शव की पहचान मिटाने की योजना बनाई। सलमान शव को ट्रक में लेकर निकला और कुंडा में मेहरुन्निशा को उतार दिया। रात में श्यामपुर पहुंचकर उसने शव को खाली प्लॉट में फेंका, डीजल डालकर आग लगा दी और देहरादून की ओर निकल गया। 23 अक्तूबर की रात श्यामपुर क्षेत्र से सीआईयू प्रभारी इंस्पेक्टर नरेंद्र सिंह बिष्ट और एसओ श्यामपुर मनोज शर्मा की टीम ने आरोपी सलमान (40), निवासी मझरा लक्ष्मीपुर, काशीपुर को रसियाबड़ के पास से गिरफ्तार किया। सलमान के पास से घटना में प्रयुक्त ट्रक और डीजल का जरीकेन भी बरामद हुआ। आरोपी महिला मेहरुन्निशा को पहले ही हिरासत में ले लिया गया था। सीओ शिशुपाल सिंह नेगी ने बताया कि शुक्रवार को दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। श्यामपुर में मिली अधजली लाश के पीछे की कहानी किसी फिल्मी पटकथा से कम नहीं है जहां प्यार, शक और जिद ने मिलकर एक खौफनाक वारदात को अंजाम दिया। इस जघन्य हत्याकांड में न केवल एक महिला की जान गई बल्कि आरोपी सलमान और उसकी मददगार मेहरुन्निशा के जेल पहुंचने से कई जिंदगी तबाह हो गईं। सीमा के दो बच्चे हैं जिनके सिर से मां का साया उठ गया। ऊधमसिंह नगर का रहने वाला सलमान कुछ साल पहले सऊदी अरब में नौकरी करता था। उसकी कमाई अच्छी थी और वह अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहा था। इसी वर्ष जून में वह सऊदी से लौट आया और यहां ट्रक चलाने लगा। इस दौरान उसने अपने घर का निर्माण भी कराया। घर निर्माण के दौरान ही पड़ोस में रहने वाली सीमा खातून उसके संपर्क में आई। सीमा शादीशुदा थी उसके दो बच्चे हैं और उसका पति बाइक मैकेनिक का काम करता है। पुलिस के मुताबिक सलमान और सीमा की मुलाकातें सामान्य रहीं लेकिन जल्द ही दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ती चली गईं और उनका संबंध प्रेम में बदल गया। सीमा का बिंदास और तेज-तर्रार स्वभाव सलमान को अपनी ओर खींचने लगा। इस संबंध का शक सीमा के पति को भी हो गया था। इसी बीच जब सलमान ने दूसरी जगह शादी करने का फैसला किया तो सीमा ने इसका कड़ा विरोध किया। उसने सलमान को गाली-गलौज करते हुए धमकी दी कि वह उसे किसी और से शादी नहीं करने देगी और हमेशा उसके साथ ही संबंध रखना होगा। इस जिद और धमकी के चलते सलमान के मन में डर और गुस्सा भर गया। घटना वाले दिन 17 अक्तूबर को सीमा लगातार सलमान को फोन कर रही थी, लेकिन वह कॉल नहीं उठा रहा था। इससे झल्लाकर सीमा ने अपनी परिचित मेहरुन्निशा को फोन किया और उसे सलमान को कॉल करने को कहा। इसके बाद दोनों मिलकर सलमान से मिलने के लिए निकल पड़ीं। उस वक्त सलमान अपने ट्रक में माल लादकर देहरादून मंडी जाने की तैयारी में था। जैसे ही सीमा ट्रक के पास पहुंची उसने सलमान को फोन न उठाने के लिए खरी-खोटी सुनानी शुरू कर दी। बात इतनी बढ़ गई कि सीमा ने गुस्से में सलमान को थप्पड़ जड़ दिया और उसकी बहन-भाभी के बारे में अपमानजनक बातें कह डालीं। इस पर सलमान ने भी उसे थप्पड़ मारा और दोनों के बीच झगड़ा हिंसक हो गया। इसी क्षण सलमान ने अपना नियंत्रण खो दिया जिसके बाद उसने मेहरुन्निशा की मदद से सीमा की चुन्नी से उसका गला कसकर हत्या कर दी। सीमा की हत्या के बाद घबराए सलमान ने मेहरुन्निशा की मदद से शव को ठिकाने लगाने की योजना बनाई। उसने पहले कुंडा के पास मेहरुन्निशा को उतारा फिर खुद ट्रक लेकर नगीना पहुंचा जहां से उसने डीजल खरीदा। इसके बाद वह श्यामपुर की ओर आया और सुनसान जगह पर पहुंचकर शव को जलाने की कोशिश की ताकि पहचान मिटाई जा सके। करीब 22 मिनट में उसने इस पूरी वारदात को अंजाम दिया। सीओ सिटी शिशुपाल सिंह नेगी ने बताया कि यह पूरा मामला हरिद्वार पुलिस के लिए एक ब्लाइंड केस जैसा था। अधजली लाश मिली थी पहचान नहीं हो पा रही थी। मगर तकनीकी जांच, मोबाइल सर्विलांस और सीसीटीवी की मदद से पुलिस ने न सिर्फ शव की पहचान की बल्कि आरोपी सलमान और उसकी सहयोगी मेहरुन्निशा तक पहुंच गई। सीओ ने बताया कि श्यामपुर, देहरादून हाइवे पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को बारीकी से चेक करने पर सामने आया कि अधिकांश ट्रक दो से तीन मिनट में पार हो रहे थे, लेकिन एक सफेद रंग का कंटेनर पहले प्वाइंट से निकलने के बाद आगे के कैमरे में 22 मिनट बाद जाता दिखाई दिया। बस यही से जांच आगे बढ़ी। फिर रायवाला में कैमरे चेक करने पर ट्रक का नंबर मिला और यहीं से पूरी लीड मिल गई।



# सीएम ने किया आधुनिक लैंड पोर्ट परियोजना का किया स्थलीय निरीक्षण

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को चंपावत जनपद के बनबसा स्थित गुदमी क्षेत्र में लैंड पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा लगभग 500 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाली आधुनिक लैंड पोर्ट परियोजना का स्थलीय निरीक्षण किया।मुख्यमंत्री ने कहा यह परियोजना भारत-नेपाल के बीच सहयोग, व्यापार और सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास में बेहद सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने बताया कि भारत सरकार की लैंड पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया इस महत्वाकांक्षी परियोजना को उत्तराखंड सरकार के सहयोग से तेजी से आगे बढ़ा रही है।मुख्यमंत्री ने कहा कि परियोजना के आरंभ से ही पर्यावरणीय मंजूरी, प्रतिपूरक पौधारोपण और भूमि हस्तांतरण की सभी औपचारिकताएँ पूर्ण होती रही हैं। इस वर्ष पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा लगभग 84 एकड़ वन भूमि को अंतिम स्वीकृति मिल चुकी थी, जिसके बाद परियोजना के निर्माण कार्य को आगे बढ़ाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लगभग 500 करोड़ की लागत से बनने जा रहा यह आधुनिक लैंड पोर्ट भारत और नेपाल के बीच व्यापार एवं यात्री आवागमन के लिए एक समेकित, सुविधाजनक और सुरक्षित प्रणाली विकसित करेगा। यहाँ कस्टम, सुरक्षा, व्यापार एवं बॉर्डर से जुड़ी सभी प्रमुख एजेंसियाँ एक ही परिसर में कार्य करेंगी, जिससे सीमा प्रबंधन में अधिक तेज, पारदर्शी आयेगी।मुख्यमंत्री ने कहा कि यह परियोजना केवल अवसंरचना निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सीमांत क्षेत्रों के आर्थिक परिदृश्य को बदलने का माध्यम बनेगी। उन्होंने कहा कि रणनीतिक रूप से स्थित बनबसा लैंड पोर्ट सीमा पार व्यापार को भी सशक्त बनाएगा, कृषि व औद्योगिक उत्पादों के लिए एक औपचारिक प्रवेश द्वार तैयार करेगा और स्थानीय युवाओं के लिए नए रोजगार अवसर उत्पन्न करेगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि लैंड पोर्ट के माध्यम से किसानों और छोटे उत्पादकों को सीमा पार बाजारों तक सीधी पहुँच मिलेगी, जिससे परिवहन लागत घटेगी और उत्पादों का मूल्य संवर्धन संभव होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल भारत और नेपाल के आपसी संबंधों को और मजबूत करेगी, जिससे पर्यटन, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और पारस्परिक सहयोग को भी बढ़ावा मिलेगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि यह परियोजना भारत सरकार की क्षेत्रीय एकीकरण की दृष्टि और सुरक्षित, सतत सीमा विकास नीति के अनुरूप है। उन्होंने बताया कि स्चाए द्वारा डिजाइन प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है, जिसके माध्यम से ऐसा पर्यावरण- अनुकूल मॉडल तैयार किया जाएगा जो आधुनिकता और प्रकृति संरक्षण का संतुलित उदाहरण बने।मुख्यमंत्री ने भारत सरकार, भूमि पोर्ट प्राधिकरण और राज्य के सभी विभागों, एजेंसियों को आपसी समन्वय से कार्य करने की बात कही, ताकि निर्माण कार्य शीघ्र हो सके। उन्होंने कहा कि बनबसा लैंड पोर्ट परियोजना उत्तराखंड की सीमाओं को समृद्धि, सहयोग और अवसरों की नई पहचान देगी।





## छेनागाड़ में आपदा के दो महीने बाद मलबे से मिले दो शव

रूद्रप्रयाग। उत्तराखंड में रुद्रप्रयाग जिले के ऊखीमठ के छेनागाड़ में आपदा के दो महीने बाद दो शव बरामद हुए हैं। इसमें से एक शव की पहचान हो गई है। जानकारी के अनुसार, छेनागाड़ में पीडब्ल्यूडी का काम चल रहा है। इस दौरान टीम को दो शव दिखाई दिए। जिसकी सूचना उन्होंने तुरंत राहत टीम को दी। टीम मिलने पर डीडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और शव बरामद किए। बरामद शवों में से एक की शिनाख्त कुलदीप सिंह(24) पुत्र बीरबल सिंह, निवासी ग्राम उछोला भोर के रूप में हुई है। जबकि दूसरे शव का केवल पैर मिलने से उसकी पहचान नहीं हो पाई है।

# नानकमत्ता में 3 साल में पीट पीटकर तीन युवकों की हत्या से चर्चा में आया हरीनगर गांव

## एक ही गांव में 100 मीटर दूरी पर हुई 3 हत्याएं

-अनिल सागर-

नानकमत्ता। नितिन हत्याकाण्ड के बाद हरीनगर सिद्धा गांव चर्चा में आ गया है। लगातार तीन साल में तीन युवकों की पीट- पीट कर हत्या कर दी गई। दीपावली मेंले के दौरान पुलिस की व्यस्ता का अपराधी खुलकर फायदा उठाकर संगीन अपराधन करने से नही चूक रहें है। नितिन हत्याकाण्ड दीपावली के दीपावली के दो दिन बाद घटित हुंआ। जिसमें हरिनगर सिद्धा गांव जो कि हाईवे से सटा है, जहां नितिन सिंह ऊर्फ निक्कु 47 वर्ष की घर के पास के पड़ोसी ने अपने परिवार के साथ मिलकर पीट-पीट कर सिर पर हमला कर उसकी हत्या को अंजाम दिया था, वही दुसरी घटना में पिछले वर्श 2024 में लोहाघाट चम्पावत निवासी हिरा सिंह जो कि गुरूद्वारा रोड पर केक की दुकान चलाता था, इसी गांव हरिनगर सिद्वा नशे में दो युवकों ने पीट-पीट कर उसकी हत्या कर नग्न अवस्था शव फेंक दिया था, जिसकी शिनाख्त 4 दिन बाद उसके पिता ने की थी। तीसरी घटना वर्ष 2022 हरिनगर सिद्धा निवासी अजय बाल्मीकी की बर्थडे पार्टी में नषे में विवाद हो गया था, इसी दौरान अजय के जीजा ने अपने आधा दर्जन साथियों के साथ मिलकर हाईवे पर ही रात्रि 9 बजें करीब लाठी डण्डो से पीट-पीट कर हत्या कर दी थी। ये तीनों ही हत्या मात्र 100 मी0 दुरी के आसपास ही हत्या लाठी डण्डो से पीटकर की गई थी। हरिनगर सिद्वा गांव जो कि हाईवे से सटा है, वही 3 वर्ष 3 युवकों की पीट-पीट कर हत्या करने से गांव भी चर्चा में है, इनमें दो घटना दीपावली मेले के दौरान हुई जब पुलिस मेंले में सुरक्षा व्यवस्था में व्यस्त थी।

### हरीनगर गांव में फलफूल रहा अवैध नशे का कारोबार

नानकमत्ता। थाना क्षेत्र में हाईवे पर हरीनगर गांव में अवैध नशे का कारोबार खुलेआम धड़ल्ले से होता है। जिस कारण इस क्षेत्र में नशा चरमसीमा पर है,नशे में जुड़े लोग अक्सर देर रात तक हाईवे के पास आसपास घरो में बिकने वाली कच्ची शराब अन्य नशे में चूर रहते है। बताया जाता है कि यहां कई घरो में नशा एंव शराब बिकती है। जिस कारण यहां असमाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता है।

# नर्सिंग कोर्स संचालन के लिए मुख्य सचिव ने ली बैठक

देहरादून(उद संवाददाता)।मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन की अध्यक्षता में शुक्रवार को सचिवालय में नर्सिंग पाठ्यक्रम संचालन हेतु गठित एम्पावर्ड समिति की बैठक आयोजित हुयी। बैठक के दौरान समिति द्वारा विभिन्न मेडिकल एवं नर्सिंग कॉलेजों को नर्सिंग कोर्स संचालन एवं सीट वृद्धि की संस्तुति दी गयी।मुख्य सचिव ने नर्सिंग कोर्स संचालन हेतु संस्थानों के आवेदनों को विभिन्न स्तरों में छंटनी करने के बजाय इसके लिए सिंगल विंडो सिस्टम तैयार किए जाने के निर्देश दिए



हैं। उन्होंने कहा कि इससे संस्थानों को आवेदन करने से लेकर शासन से स्वीकृति की प्रक्रिया में सरलता आएगी। उन्होंने तत्काल इस दिशा में कार्य शुरू किए जाने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि संस्थानों द्वारा आवेदन किए जाने से लेकर विभिन्न चरणों की प्रक्रिया की एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) भी शीघ्र तैयार की जाए।बैठक के दौरान समिति द्वारा 39 कॉलेजों की 1790 नई नर्सिंग सीट्स को संस्तुति प्रदान की गयी। सचिव स्वास्थ्य डॉ. आर. राजेश कुमार ने बताया कि स्टेट नर्सिंग कार्उसिल में वर्ष 2024 तक पंजीकृत नर्सों की कुल संख्या 21541 है। वर्तमान में सरकारी एवं प्राइवेट नर्सिंग कॉलेजों में 9806 लोगों का नर्सिंग प्रशिक्षण चल रहा है।इस अवसर पर सचिव श्री दिलीप जावलकर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

# महापौर ने छठ घाटों पर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

## नगर निगम की टीम के साथ स्वच्छता अभियान भी चलाया

रूद्रपुर। प्रकृति और सूर्य उपासना के महापर्व छठ पूजा को लेकर नगर निगम पूरी मुस्तैदी से तैयारियों में जुटा है। महापौर विकास शर्मा ने शुक्रवार को नगर निगम और सिंचाई विभाग की टीम के साथ शहर के प्रमुख छठ घाटों फुलसुंगा, फुलसुंगी, कल्याणी नदी और जगतपुरा सहित कई स्थानों का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान महापौर ने संबंधित कर्मचारियों को छठ पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधाओं को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि घाटों की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति और सुरक्षा इंतजामों को लेकर नगर निगम पूरी तरह सक्रिय है। महापौर ने स्वयं नगर निगम की टीम और पूर्वांचल समाज के सदस्यों के साथ श्रमदान कर घाटों पर सफाई अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि छठ पर्व केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि यह प्रकृति और नदियों के संरक्षण का सशक्त संदेश देने वाला पर्व भी है। महापौर विकास शर्मा ने कहा कि छठ पूजा जैसे पावन पर्व समाज में स्वच्छता, अनुशासन और एकता का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा हमारे सभी पर्व हमें प्रकृति



के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने की प्रेरणा देते हैं। छठ पूजा नदियों, सूर्य और पर्यावरण के संरक्षण का प्रतीक है। नगर निगम इस दिशा में हर संभव प्रयास कर रहा है ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि नगर निगम द्वारा सभी छठ घाटों पर सफाई अभियान चलाया गया है। प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त किया गया है। इसके साथ ही निगम कर्मियों की ड्यूटी शिफ्टवार लगाई गई है ताकि घाटों की स्वच्छता और व्यवस्था बनाए रखी जा सके। महापौर शर्मा ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में स्वच्छता, सड़क सुधार, जल निकासी व्यवस्था, और हरित क्षेत्रों के संरक्षण को लेकर कई योजनाएं चल रही हैं। उन्होंने कहा कि हमने रूद्रपुर को स्वच्छ, सुंदर और सस्टेनेबल शहर बनाने का संकल्प लिया है। शहर के हर वार्ड में सफाई और विकास कार्यों को निरंतर गति दी जा रही है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत रूद्रपुर को स्वच्छ शहरों की श्रेणी में अग्रणी बनाने का लक्ष्य है। महापौर ने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि वे भी नगर निगम के प्रयासों में सहयोग दें और घाटों पर प्लास्टिक या गैर-जैविक कचरा न डालें। नगर निगम केवल संस्थान नहीं, बल्कि जनसहयोग से संचालित एक परिवार है। जब तक नागरिक स्वच्छता को अपनी जिम्मेदारी नहीं मानेंगे, तब तक कोई भी योजना पूर्ण नहीं मानी जा सकती। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पांडे, सहायक नगर आयुक्त राजू नवियाल, पार्षद पवन राणा, अजय यादव, राजेश कुमार, पारस चुघ सहित नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी और पूर्वांचल समाज के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।






# पत्रकार दिनेश नेगी के पिता का निधन

गरुड़। पत्रकार दिनेश नेगी के पिता दान सिंह नेगी का हृदय गति रुक जाने से आकस्मिक निधन हो गया है। वे 62 वर्ष के थे। उन्होंने डाक सेवक के रूप में 46 वर्षों की लंबी सेवा की। वे एक ईमानदार, कर्मठ, मिलनसार, अनुशासित, सहज, सरल व मृदुभाषी थे। उनके पार्थिव शरीर की अंत्येष्टि सरयू संगम तट में हुई।जहा उनके पुत्र पत्रकार दिनेश नेगो और उनके भाई ने मुखाग्नि दी। उनके निधन पर विधायक पार्वती देवी, दर्जा राज्यमंत्री शिव सिंह बिष्ट,जिपं अध्यक्ष शोभा आर्या पूर्व विधायक ललित फर्सवाण, ब्लाक प्रमुख किशन बोरा, नपं अध्यक्ष भावना वर्मा, व्यापार संघ के जिलाध्यक्ष बबलू नेगी, ग्राम प्रधान कविता नेगी, जिपंस जनार्दन लोहुमी,भाष्कर बोरा, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील दोसाद, पूर्व प्रधानाचार्य नंदन सिंह अल्मिया,सहित पत्रकार सँगठन एनयूजेआई के जिलाध्यक्ष गोविन्द मेहता, जिला महामंन्त्री अनिल पांडे, संरक्षक रमेश बृजवासी, वरिष्ठ पत्रकार और सँगठन के जिला उपाध्यक्ष चंद्रशेखर बड़सीला, अखिल जोशी,पूरन दोसाद, परसिलाल वर्मा,अशोक लौहमी, योगेश नगरकोटी, सुष्मिता थापा, सुरेश पांडे, मनोज कुमार, बसंत चन्दोला, जगदीश पांडे,महेश जोशी, हिमांशु जोशी,तनुज तिरूवा, गणेश उपाध्याय, अर्जुन राणा, भगवत नेगी, विपिन जोशी,सहित कृष्णा गढ़िया, हरीश जोशी, डीके जोशी, प्रमोद जोशी, हेम उपाध्याय, हेम वर्मा, दिग्विजय फर्सवाण आदि ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

# निशुल्क न्याय परामर्श शिविर 26 अक्टूबर को

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। वार्ड नंबर 35 आदर्श बंगाली कॉलोनी, दुर्गा मंदिर परिसर में रविवार 26 अक्तूबर को जिला न्यायालय उधम सिंह नगर के अनुभवी अधिवक्ताओं की ओर से निशुल्क न्याय परामर्श शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह केंद्र प्रात: 10 बजे से सायं 2बजे तक संचालित रहेगा। इस दौरान अधिवक्ता परिषद उत्तराखंड, जनपद इकाई उधम सिंह नगर से जुड़े वरिष्ठ एवं अनुभवी अधिवक्ता क्षेत्रवासियों की विभिन्न कानूनी समस्याओं के निस्तारण हेतु नि:शुल्क परामर्श प्रदान करेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों को कानूनी जानकारी उपलब्ध कराना और न्याय तक उनकी सहज पहुँच सुनिश्चित करना है। अधिवक्ता परिषद के जिला महामंत्री दुर्गेश मोहन शर्मा ने बताया कि यह परामर्श शिविर समाज के प्रत्येक वर्ग को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया जा रहा है, ताकि लोग अपनी छोटी-बड़ी कानूनी परेशानियों का समाधान विशेषज्ञ अधिवक्ताओं से सीधे प्राप्त कर सकें। उन्होंने सभी वार्डवासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर इस निशुल्क न्याय परामर्श सेवा का लाभ उठाएँ और अपनी समस्याओं का समाधान कराएँ।

# तमंचा और शराब सहित एक दबोचा


हल्द्वानी। जनपद में अवैध हथियार और मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में थाना चोरगलिया पुलिस ने एक युवक को एक अवैध तमंचा व शराब सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह के नेतृत्व में चोरगलिया पुलिस टीम ने चौकिंग के दौरान संदिग्ध रूप से घूमते एक युवक को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता विक्रम सिंह कैड़ा निवासी नया गांव कटान कुटलिया बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक अवैध देसी तमंचा 315 बोर, दो जिंदा कारतूस और 40 पाउच अवैध कच्ची शराब के बरामद हुए।



पुलिस ने बरामद सामान जब्त कर विक्रम सिंह को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक निधि शर्मा, हेड कांस्टेबल मनजीत सिंह, कांस्टेबल राजेश सिंह और कांस्टेबल देवेन्द्र सिंह थे।

# अन्तर्राष्ट्रीय कलाकार दिवस

कला न केवल समाज को संवेदनशील बनाती है बल्कि यह हमें सोचने और महसूस करने का नया दृष्टिकोण प्रदान करती है कला में नजरिया बदलने भावनाएं जगाने और दुनिया को और भी खूबसूरत बनाने की शक्ति है कला दिल से जन्म लेती है कलाकार अपनी कला में भावनाएं पिरोता है संगीत में वह अपनी अभिव्यक्ति



द्बारा दर्शक को रूलाने की क्षमता रखता है वह केनवास पर रंग ही नहीं भरता बल्कि अपनी आत्मा को उकेरता है संगीतकार केवल अपने संगीत में सुर ही नहीं पिरोता वह दुसरो के धड़कते दिलो को भी छूता है बल्कि अपने सुर-मयी रागों द्बारा मानव- जनित विभिन्न रोगो दूर करने की क्षमता भी रखता है लेखक अपने खूबसूरत शब्दों के माध्यम से अपने भावों प्रस्तुत कर रचनाएं करता है नृतक व नृत्यांगनाएं अपने चेहरे की भाव भंगिमाओं व शरीरिक मुद्राओ द्बारा अपने भावो को अभिव्यक्त करते हैं सबसे बड़ी कला चुप रहकर बोलना। कला वह भाषा है जिसमें कलाकार की आत्मा बोलती है कला दिल से जन्म लेती है वह देखी नहीं बल्कि महसूस की जाती है कलाकार की कला दिल की गहराईयो से निकलती है वह क ई बार अपनी आंखें के माध्यम से भी अपनी कला को व्यक्त करने की क्षमता रखता है कलाकार अपनी कला के माध्यम से ही अपनी कला व भावनाएं व्यक्त करने की क्षमता रखता है आजकल ए,आई, द्बारा रचित कूटफोटो, संगीत, नाटक,रील आदि बनाना प्रचलन में आ रहा है परन्तु वह दिल की संवेदनाऐ व भावनाएं को महसूस कराने में नाकाम साबित हुआ है अरिजीत दास, रविन्द्र नाथ टैगोर, लियोनार्डो दा विंची, राजा रवि वर्मा नीदरलैंड के विन्सेंट विलेम वेन गांग आदि विश्व प्रसिद्ध कलाकारों ने अपनी कला के माध्यम से देश व विदेश में एक नयी पहचान बनाई है।

**-नरेश छाबड़ा, रूद्रपुर**

# संत निरंकारी समागम का आयोजन 31 से

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी की पावन छत्रछाया में 78वां वार्षिक निरंकारी संत समागम 31 अक्टूबर से 3 नवम्बर तक संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल, समालखा (हरियाणा) में आयोजित होने जा रहा है। जिसमें देश-विदेश से असंख्य श्रद्धालु भाग लेगे। श्रद्धा, समर्पण के साथ हजारों श्रद्धालुजन समर्पण भाव के साथ दिन रात सेवाओं में रत है।



जिससे यह आयोजन अपनी अंतिम तैयारियों की ओर अग्रसर है। यह समागम केवल एक धार्मिक या वार्षिक आयोजन नहीं, अपितु ज्ञान, प्रेम और भक्ति का ऐसा पावन संगम है, जो ब्रह्मज्ञान द्वारा आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का सशक्त माध्यम बनता है। यहाँ श्रद्धालु न केवल आध्यात्मिक जागृति पाते हैं, बल्कि मानवता, विश्वबंधुत्व और आपसी सौहार्द की भावनाओं को भी आत्मसात करते हैं। यह आयोजन 'आत्ममंथन' की वह दिव्य भूमि है, जहाँ प्रत्येक साधक अपने अंतर्मन में झाँकने, आत्मचिंतन करने और आत्मिक चेतना को जागृत करने की प्रेरणा प्राप्त करता है।यह सम्पूर्ण आयोजन सतगुरु माता जी की दिव्य प्रेरणा और आशीर्वाद से संचालित हो रहा है। सतगुरु की यही मंगलकामना रहती है कि हर श्रद्धालु इस समागम में प्रेम, सम्मान और समुचित सुविधा का अनुभव करते हुए आध्यात्मिक रूप से परिपूर्ण हो।

# एकता मार्च के सफल आयोजन के लिए बनायें विस्तृत कार्ययोजना: सीएम

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को लोहियाहेड अतिथि गृह, खटीमा में राष्ट्रीय एकता के प्रतीक, लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में Sardar@ 150 Campaign की तैयारियों के सम्बध में वर्चुअल बैठक की।मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि एकता मार्च के सफल आयोजन के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि विद्यालयों और महाविद्यालयों में सांस्कृतिक एवं जन जागरूकता कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किए जाए। उन्होंने कहा इस अभियान में युवाओं, महिलाओं, स्थानीय निकायों, एनसीसी, स्वयं सहायता समूहों, जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों की सक्रिय भागीदारी भी सुनिश्चित की जाए।मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सभी तय कार्यक्रमों की जानकारी राज्य स्तर पर साझा की जाए, ताकि अभियान का संदेश अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि "तकंत/150 अभियान का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता का संदेश घर-घर तक पहुँचाना है। उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान और एक भारत, श्रेष्ठ भारत के उनके संकल्प को जन-जन तक पहुँचाने के लिए इस कार्यक्रम को भव्य एवं प्रेरणादायक रूप में आयोजित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती को ऐतिहासिक रूप से मनाना है, ताकि देश की नई पीढ़ी उनके योगदान और विचारों से प्रेरणा ले सके। उन्होंने कहा सरदार पटेल ने अपने अदम्य साहस, दृढ़ इच्छाशक्ति और कौशल से भारत को एक सशक्त राष्ट्र बनाया। उन्होंने कहा सरदार पटेल ने देश की विभिन्न रियासतों को




जोड़कर एक भारत की नींव रखी। उनके प्रयासों से ही भारत एक अखंड और एकीकृत राष्ट्र के रूप में स्थापित हो सका है। मुख्यमंत्री ने कहा सरदार पटेल की कूटनीति और दूरदर्शिता का स्वतंत्र भारत के इतिहास में बड़ा योगदान रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने सरदार पटेल के सपनों को आगे बढ़ाया है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में एक भारत श्रेष्ठ भारत के विजन के साथ भारत को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने सरदार पटेल के सम्मान में गुजरात के नर्मदा जिले के केवडिया में 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' का निर्माण कराया गया, जो विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा है और भारत की एकता, अखंडता तथा राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरदार पटेल के विचार आज भी देश को एकता, समरसता और सशक्त भारत के निर्माण की दिशा में प्रेरित करते हैं। बैठक में बताया गया कि Sardar @150 Campaign के तहत राज्य के नागरिक माई भारत पोर्टल पर अपना पंजीकरण करा रहे हैं। इसके अन्तर्गत सोशल मीडिया रील प्रतियोगिता, निबंध लेखन, क्विज और Sardar@150 young Leaders जैसे कार्यक्रम शामिल हैं। साथ ही राज्य के 13 जिलों में 31 अक्टूबर से 16 नवम्बर के मध्य एकता मार्च के रूप में आयोजित होगा। यह एकता मार्च 3 दिन आयोजित होगा। जिसके तहत 8 से 10 किलोमीटर की पैदल यात्रा होगी। जिसमें कोई भी नागरिक प्रतिभाग कर सकता है। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय पदयात्रा दिनांक 26 नवम्बर से 06 दिसम्बर तक 152 कि. मी. की पदयात्रा करमसद (सरदार पटेल का जन्म स्थान) से स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, केवड़िया तक निकाली जाएगी। इस यात्रा में राज्य के प्रत्येक जिले से 2 युवा प्रतिभाग करेंगे, जिनका चयन माई भारत पोर्टल से होगा।इस अवसर पर जिला अधिकारी नितिन भदौरिया, जिलाधिकारी चम्पावत मनीष कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा, एवं वर्चुअल माध्यम से विशेष प्रमुख सचिव खेल श्री अमित सिन्हा, महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी एवं सभी जिलाधिकारी भी मौजूद रहे।

## मां भगवती जागरण भजनों पर झूमे श्रद्धालु

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। ग्राम खटोला में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने मां भगवती जागरण का विधिवत ज्योत जलाकर शुभारम्भ किया। जागरण में पूरी रात भजनों पर श्रद्धालु झूमते रहे। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि ऐसे आयोजनों का समाज और संस्कृति में विशेष महत्व है। धार्मिक आयोजन जहां हमारी सांस्कृतिक विरासत को सहेजते हैं।इससे नई पीढ़ी में आत्मविश्वास और सामाजिक चेतना का विकास होता है। आज का यह आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह सामाजिक मेल-जोल और भाईचारे को भी मजबूत करता है। हमें चाहिए कि हम इस तरह के आयोजनों को निरंतर बढ़ावा दें ताकि आने वाले समय में उत्तराखंड की सांस्कृतिक धरोहर और अधिक समृद्ध हो सके। इस मौके पर कमेटी के पदाधिकारियों ने पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर समाजसेवी संजय ठुकराल, गगन ग्रोवर, अंकित बाटला, रमन विश्वास, जिला पंचायत सदस्य खटोला प्रतिनिधि तेज सिंह, पूर्व प्रधान मुकेश सिंह, पूर्व बीडीसी मेंबर प्रमोद बोरा, जागरण कमेटी के प्रेम सिंह, नारायण सिंह, कृष्ण सिंह, चेतराम, संतोष मास्टर, मंगू सिंह, बुद्धदेव सिंह, सोमल सिंह, कन्हैय सिंह, गोविंदा, दीपक सिंह, रमेश सिंह आदि थे।








## चंपावत में खोला जाएगा कृषि विश्वविद्यालय: धामी

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को शारदा घाट, टनकपुर में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए 20.50 करोड़ की 10 विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पंतनगर की तर्ज पर चंपावत में कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना किए जाने एवं छीनीगोठ क्षेत्र में बाढ़ राहत एवं सुरक्षा कार्य किए जाने की घोषणा की।मुख्यमंत्री ने कहा कि छीनीगोठ एवं आसपास के क्षेत्रों में बाढ़ राहत एवं सुरक्षा कार्य कराए जाने से यह क्षेत्र मानसून में होने वाले क्षत्रि से बच सकेगा और कृषि भूमि व सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने में मददगार साबित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय की तर्ज पर चंपावत में एक नया कृषि विश्वविद्यालय स्थापित किया जाएगा।इस विश्वविद्यालय से स्थानीय युवाओं को कृषि एवं संबद्ध विज्ञानों में उच्च शिक्षा एवं अनुसंधान के अवसर मिलेंगे। यह कदम क्षेत्र में वैज्ञानिक खेती को बढ़ावा देगा और पर्वतीय कृषि अर्थव्यवस्था को नई पहचान प्रदान करेगा। उन्होंने कहा ये दोनों घोषणाएं चंपावत को शिक्षा, कृषि और आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में सशक्त बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम हैं।मुख्यमंत्री ने कहा राज्य सरकार, उत्तराखंड को हर क्षेत्र में आगे बढ़ा रही है। आज शिक्षा स्वास्थ्य कृषि उद्यान रोजगार देने एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देने हर क्षेत्र में कार्य किया जा रहा है। चंपावत जिले में भी विकास को आगे बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा चंपावत में विकास को आगे बढ़ते हुए इसे एक आदर्श जिले के रूप में स्थापित किया जा रहा है।इस अवसर पर दायित्वधारी श्याम नारायण पांडे, शंकर कोरंगा, जिला पंचायत अध्यक्ष आनंद सिंह अधिकारी, ब्लॉक प्रमुख अंचला बोहरा, भाजपा जिला अध्यक्ष गोविंद सामंत, जिलाधिकारी मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, एवं अन्य लोग मौजूद रहे।








## चेकिंग अभियान में 15 वाहनों के काटे चालान

नैनीताल(उद संवाददाता)।जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल निर्देशों के क्रम में जिले में वाहन दुर्घटनाओं को रोके जाने हेतु लगातार सघन चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार को उपजिलाधिकारी कैंचीधाम द्वारा परिवहन तथा पुलिस विभाग के साथ वाहनों का संयुक्त चेकिंग अभियान क्षेत्र के छड़ा,गरमपानी आदि में चलाया गया।इस दौरान कुल 15 वाहनों के चालान किए गए, जिसमें ओवरलोडिंग, बिना लाइसेंस के, बिना फर्स्ट एड बॉक्स के, बिना हेलमेट इत्यादि मुख्य कारणों से चालान किये गये।



## भैया दूज समारोह में महिलाओं ने किया पारंपरिक च्यूड़ा पूजन

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को अपने एक दिवसीय जनपद चंपावत भ्रमण के दौरान बनबसा और टनकपुर क्षेत्र में स्थानीय महिलाओं द्वारा आयोजित भैया दूज (च्यूड़ा पूजन) समारोह में प्रतिभाग किया। कुमाऊं की गौरवशाली परंपरा का प्रदर्शन कर महिलाओं ने पारंपरिक रूप से कुमाऊं का प्रसिद्ध 'च्यूड़ा पूजन' नाम से जाना जाता है। इस पवित्र अनुष्ठान के माध्यम से, महिलाओं ने मुख्यमंत्री की लंबी आयु, स्वस्थ जीवन और दीर्घायु की कामना की। यह पूजन भाई-बहन के अटूट बंधन और लोक परंपराओं के प्रति स्थानीय लोगों की गहरी आस्था का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने इस दौरान महिलाओं द्वारा दिए गए अपार स्नेह और सम्मान के लिए उनका हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की संस्कृति और परंपराएं हमारी पहचान हैं, और इन पर्वों के माध्यम से हमें अपनी जड़ों से जुड़े रहने का अवसर मिलता है। मुख्यमंत्री ने इस पावन अवसर पर प्रदेश की सभी माताओं और बहनों को भैया दूज की शुभकामनाएं देते हुए राज्य के विकास और जनता के कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। मुख्यमंत्री ने टनकपुर स्थित शारदा घाट पहुंचकर पूजा-अर्चना की एवं प्रदेश में सुख शांति एवं कल्याण की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा पूर्णागिरि क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं को यह आरती अपनी ओर आकर्षित करती है। शारदा घाट में आने से धार्मिक भावनाओं का संचार और प्राकृतिक नजरों के दर्शन भी होते हैं। उन्होंने कहा इस आरती के शुरू होने से क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियां बड़ी हैं, जिससे यहां के लोगों को रोजगार भी मिला है। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष गोविंद सामंत, जिलाधिकारी श्री मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, मुख्य विकास अधिकारी डॉ० जी एस खाती, स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी/कार्मिक और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।



# शारदा कॉरिडोर-आस्था, धरोहर और विकास का संगम:धामी

## मुख्यमंत्री ने किया 185-20 करोड़ से बनने वाले शारदा कॉरिडोर परियोजना के प्रथम चरण का शुभारंभ

टनकपुर(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को शारदा घाट, टनकपुर में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए 185. 20 करोड़ से बनने वाले शारदा कॉरिडोर परियोजना के प्रथम चरण का शुभारम्भ







किया। मुख्यमंत्री ने कहा शारदा कॉरिडोर परियोजना हमारी आस्था, सांस्कृतिक, धरोहर और सतत विकास का केंद्र है। मुख्यमंत्री ने कहा शारदा कॉरिडोर का उद्देश्य बनबसा से माता रंकोची तक की घाटी को धर्म, प्रकृति और रोजगार के सुंदर संगम के रूप में विकसित करना है। यह भूमि अब केवल आस्था का केंद्र नहीं रहेगी, बल्कि यहाँ के लोगों के जीवन में आर्थिक समृद्धि और अवसरों की नई ध ारा भी प्रवाहित होगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि शारदा नदी के तट को पर्यावरण - संवेदनशील, स्वच्छ, सुरक्षित और आकर्षक स्वरूप देने के लिए शारदा घाट पुनर्विकास परियोजना के कार्य को प्रथम चरण के रूप (अनुमानित लागत 185.20 करोड़) में प्रारंभ किया जा रहा है। इस परियोजना के अंतर्गत सुरक्षित स्नान घाट, आरती स्थल, स्वच्छता एवं विश्राम की सुविध ाएँ, सुंदर घाट, सुगम पहुँच मार्ग, पैदल पथ, प्रकाश व्यवस्था और सौंदर्यीकरण कार्य किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि आरती स्थल अंतरराष्ट्रीय स्तर की तकनीक से निर्मित होगा, जिसमें रेनवाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था और फ्लोर कूलिंग सिस्टम जैसी आधुनिक सुविध ाएँ होंगी। बाढ़ प्रतिरोधी संरचनाओं से नदी के प्रवाह को नियंत्रित कर आसपास के क्षेत्रों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह परियोजना धार्मिक पर्यटन, स्थानीय अर्थव्यवस्था और रोजगार सृजन में नई गति लाएगी। उन्होंने इसे सामाजिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय दृष्टि से एक अद्वितीय मॉडल बताया, जो पूरे क्षेत्र के लिए विकास का प्रतीक बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि शारदा कॉरिडोर परियोजना के कुछ क्षेत्र वन भूमि में आते हैं, जिनके भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया वन विभाग के साथ प्रगति पर है। यह परियोजना यूआईआईडीबी के माध्यम से संचालित की जा रही है। डांडा और चूका जैसे राजस्व भूमि वाले क्षेत्रों का हस्तांतरण भी शीघ्र पूरा किया जाएगा, जिससे कार्यों में विलंब न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्णागिरि और माता रंकोची क्षेत्र, जो शारदा कॉरिडोर के धार्मिक और सांस्कृतिक केंद्र बनेंगे, वहाँ श्रद्धा के साथ-साथ वन, जीव-जंतु और प्रकृति शिक्षा का अनुभव भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र पर्यावरण-संवेदनशील विकास का उदाहरण बनेगा, जहाँ नदी की पवित्रता, हरियाली और प्राकृतिक संतुलन सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि सरकार का संकल्प है कि शारदा कॉरिडोर का विकास जन-सहभागिता, पारदर्शिता और पर्यावरणीय संतुलन के साथ किया जाएगा। हर निर्णय में स्थानीय नागरिकों की राय और भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा, शारदा कॉरिडोर केवल भौगोलिक विकास नहीं है, यह हमारी आस्था और आत्मा का पुनर्जागरण है। यह आने वाली पीढ़ियों के लिए ऐसा उदाहरण बनेगा, जहाँ परंपरा और प्रगति, आस्था और आधुनिकता एक साथ चलें। गौरतलब है कि शारदा कॉरिडोर के 185. 20 करोड़ से बनने वाले शारदा कॉरिडोर परियोजना के प्रथम चरण के अंतर्गत किरोड़ा नाला पारिस्थितिक कॉरिडोर (109.57 करोड़)- क्षेत्र की जैव विविध ता संरक्षण और आपदा प्रतिरोध क्षमता को बढ़ाने हेतु पारिस्थितिक कॉरिडोर को विकसित किया जाएगा। सिटी ड्रेनेज योजना- चरण 1 (62.11 करोड़)शहरी जल निकासी प्रणाली को सुदृढ़ कर बाढ़ की घटनाओं में कमी और वर्षा जल प्रबंध न को व्यवस्थित किया जाएगा। थाक गाँव तक वैकल्पिक मार्ग (5.34 करोड़) -कोर्बेट के अंतिम शिकार मार्ग के रूप में प्रसिद्ध यह मार्ग तीर्थयात्रियों के लिए सुरक्षित और सुगम पहुँच मार्ग बनाया जाएगा। इसके अतिरिक्त कई अन्य कार्य भी इसमें सम्मिलित हैं। इस अवसर पर दर्जा राज्य मंत्री श्याम नारायण पांडे, शंकर कोरंगा, जिला पंचायत अध्यक्ष आनंद सिंह अधिकारी, ब्लॉक प्रमुख अंचला बोहरा, भाजपा जिला अध्यक्ष गोविंद सामंत, सहित जिलाधिकारी मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जी.एस. खाती, अपर जिलाधिकारी कृष्णा नाथ गोस्वामी, अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# चोरी की 5 बाईक व स्कूटी के साथ 2 वाहन चोर गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। काठगोदाम थाना पुलिस ने चौकिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिलने पर दो वाहन चोरों को चोरी की पांच बाईक व स्कूटी सहित गिरफ्तार कर लिया।





जानकारी के अनुसार 22 अक्टूबर को विकास कुमार मंडल पुत्र विनय कुमार मंडल निवासी नवादखेड़ा रामलाल कॉलोनी काठगोदाम द्वारा थाना काठगोदाम में अपनी मोटर साईकिल के 21 अक्टूबर को चोरी होने के सम्बन्ध में तहरीर दी गयी। साथ ही अन्य 2 लोगों द्वारा भी थाना काठगोदाम में उनकी मोटरसाइकिल चोरी होने के संबंध में तहरीर दी गई। मामलों की विवेचना उनि. रविन्द्र सिह राणा के सुपुर्द की गयी। विमल कुमार मिश्रा थानाध्यक्ष काठगोदाम के नेतृत्व में टीम गठित की गई। चौकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा चोरी की घटना में संलिप्त अभियुक्तों को गौलापुल के पास से मोटर साइकिल संख्या यूके 04 एजी 1939 के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त मोटरसाइकिल चोरी के संबंध में पूर्व में थाना काठगोदाम में मुकदमा दर्ज कराया गया था।पूछताछ करने पर पकड़े गए वाहन चोरों ने अपना नाम पता सौरभ आर्या पुत्र योगेश आर्या निवासी बागजाला गौलापार थाना काठगोदाम तथा संजय बिष्ट पुत्र प्रताप बिष्ट निवासी तल्ला बागजाला गौलापार काठगोदाम बताया। उन्होंने बताया कि यह मोटरसाइकिल चोरी की है जिसे वह बेचने के लिए जा रहे थे। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर अन्य मुकदमों से सम्बन्धित चोरी की 2 अन्य मोटर साइकिल तथा 2 स्कूटी बरामद की गई। उक्त चोरी दुपहिया वाहनों के संबंध में भी हल्द्वानी तथा काठगोदाम में पूर्व में अभियोग दर्ज किए गए हैं। पकड़े गए वाहन चोरों पर पूर्व में भी मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस टीम में विमल कुमार मिश्रा थानाध्यक्ष काठगोदाम, उनि रविन्द्र राणा प्रभारी चौकी खेड़ा, का. अशोक रावत, प्रेम प्रकाश व सुरेन्द्र सिह शामिल थे। एसएसपी द्वारा टीम को 2,500 रुपए से पुरस्कृत करने की घोषणा की गई है।

# ब्लॉक प्रमुख ज्योति ग्रोवर ने किया छठ पूजा घाटों का स्थलीय निरीक्षण

गदरपुर(उद संवाददाता)। आगामी छठ पूजा को देखते हुए ब्लॉक प्रमुख ज्योति प्रीत ग्रोवर ने शुक्रवार को छठ पूजा घाटों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर मौजूद ब्लॉक अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी छठ घाटों की पूरी साफ-सफाई समय पर करवाई जाए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की



असुविधा न हो। साथ ही उन्होंने अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग को निर्देशित किया कि ब्लॉक क्षेत्र के सभी छठ घाटों पर पानी की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि छठ महापर्व आस्था का प्रतीक है, इसलिए प्रशासन की जिम्मेदारी है कि श्रद्धालुओं के लिए स्वच्छता और सुविधा दोनों का पूरा ध्यान रखा जाए। इस मौके पर क्षेत्र पंचायत सदस्य अभिषेक कुमार, राजेंद्र सैनी, राम बहादुर, सावित्री, संजना, पूनम रानी, हरि ओम, सोनू सहित कई लोग मौजूद रहे।

# फरजाना बेगम ने सीएम से की विभागीय विषयों पर चर्चा


रुद्रपुर (उद संवाददाता)। खटीमा में अल्पसंख्यक आयोग की उपाध्यक्ष श्रीमती फरजाना बेगम ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शिष्टाचार भेंट कर अपने विभाग से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की। भेंट के दौरान फरजाना बेगम ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दूरदर्शी नेतृत्व में उत्तराखंड राज्य का अल्पसंख्यक विभाग निरंतर सशक्त, पारदर्शी और जनसेवा के प्रतिसमर्पित भाव से कार्य कर रहा है। फरजाना बेगम ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी ने सदैव समाज के सभी वर्गों के विकास को प्राथमिकता दी है। विशेष रूप से महिलाओं के सशक्तिकरण, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के लिए मुख्यमंत्री द्वारा चलाई जा रही योजनाएँ पूरे प्रदेश में प्रेरणास्रोत बन रही हैं। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में सरकार द्वारा महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण योजनाएँ शुरू की गई हैं, जिनके माध्यम



से प्रदेश की महिलाएँ आज स्वयं को आत्मनिर्भर और सक्षम महसूस कर रही हैं।श्रीमती फरजाना बेगम ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी के कुशल नेतृत्व, निष्ठा और जनसेवा के प्रति समर्पण ने उत्तराखंड को नई दिशा और गति दी है। उनकी संवेदनशील कार्यशैली और जनता के प्रति लगाव उन्हें एक सच्चा जननेता बनाता है। मुलाकात के अंत में उन्होंने मुख्यमंत्री का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपके नेतृत्व में प्रदेश केअल्पसंख्यक समाज सहित सभी वर्गों का सर्वांगीण विकास हो रहा है और उत्तराखंड निरंतर प्रगति की नई ऊँचाइयों को छू रहा है।

# अवैध संबंध के शक में पत्नी की हत्या करने वाला पति गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। गैर से अवैध सम्बन्ध बनाने के शक में पत्नी की ईंट के प्रहार से हत्या कर देने वाले आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार 23 अक्टूबर को रुखसार पत्नी सलमान निवासी शमीम पीसीओ वाली गली, इन्द्रानगर, बड़ी रोड, बनभूलपुरा की तहरीर के आधार पर पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले में सुशील जोशी प्रभारी थाना बनभूलपुरा के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए अभियुक्त इन्तजार हुसैन पुत्र अली रजा, निवासी मलिक का बगीचा, पानी की टंकी के पास, बनभूलपुरा को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में इंतजार ने स्वीकार किया कि पारिवारिक कलह व पत्नी के कथित अवैध संबंधों के



कारण वह मानसिक रूप से परेशान रहता था। 23अक्टूबर को किसी बात पर हुए विवाद के दौरान गुस्से में आकर उसने घर में रखे ईंट के टुकड़े से अपनी पत्नी शाहीन के सिर पर कई बार प्रहार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई और उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक सुशील जोशी प्रभारी थानाध्यक्ष, बनभूलपुरा, उपनिरीक्षक मनोज यादव, हेड कांस्टेबल रमेश काण्डपाल व कांस्टेबल शिवम कुमार शामिल थे।

उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# ई-कचरे का ढेर

यह विचित्र है कि दुनिया के धनी देश अपने यहां तो स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के सवाल पर सजग दिखते हैं, लेकिन गरीब देशों को उन्होंने कचरापट्टी का ठिकाना समझ लिया है। अगर कोई भी देश अपने यहां सामान्य गंदगी से लेकर ई-कचरे तक का ढेर नहीं लगने देता है, साफ-सफाई और पुनर्चक्रण का बेहतर इंतजाम करता है, तो यह स्वाभाविक है। मगर यह समझना मुश्किल है कि बहुत सारे अमीर देश अपने कचरे को ठिकाना लगाने के लिए विकासशील या गरीब देशों में ही क्यों भेज देते हैं।इस संबंध में लंबे समय से सवाल उठाए जा रहे हैं और बताया गया है कि जिस मात्रा में विकसित देशों का कचरा विकासशील देशों में भेजा जा रहा है, उसके गंभीर खमियाजे सामने उठाने पड़ेंगे। संबंधित सरकारों को इसे रोकने के लिए हर स्तर पर तत्काल कदम उठाने चाहिए। मगर इस समस्या की गंभीरता का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि कई देशों की ओर से तीखा विरोध उभरने के बावजूद आज भी अमीर देशों ने अपना ई-कचरा विकासशील देशों में भेजा जाना जारी रखा है।इस संबंध में पर्यावरण पर नजर रखने वाली संस्था बासेल एक्शन नेटवर्क यानी बीएएन ने बुधवार को जारी अपनी एक रपट में कहा है कि अमेरिका से लाखों टन खराब इलेक्ट्रानिक सामग्री दूसरे देशों में भेजी जा रही है, जिनमें से अधिकतर दक्षिण पूर्व एशिया के विकासशील देश हैं। ज्यादा चिंता की बात यह है कि जिन देशों में ये खतरनाक ई-कचरे भेजे जा रहे हैं, वे इसके सुरक्षित रूप से निस्तारण के लिए तैयार नहीं हैं। अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है कि ये घातक कचरे जिन देशों में भेजे जा रहे हैं, वहां की आबोहवा किस हद तक प्रभावित होगी और उसका आम लोगों के जीवन पर कितना घातक असर पड़ेगा।बीएएन की रपट के मुताबिक, दो वर्ष तक हुई जांच में यह पाया गया कि कम से कम दस अमेरिकी कंपनियां इस्तेमाल किए गए इलेक्ट्रानिक सामान को एशिया और पश्चिम एशिया के देशों में भेजी जाती पाई गई हैं। इलेक्ट्रानिक कचरे में फोन, कंप्यूटर जैसे खराब और फेंके गए उपकरण हैं, जिनमें सीसा, कैडमियम और मरकरी जैसी कीमती सामग्री से लेकर विषाक्त धातु भी शामिल हैं। गौरतलब है कि बेसल समझौते के तहत केवल उसी तरह के कचरे को एक से दूसरे देश ले जाने की इजाजत है, जो पुनर्चक्रित होने, दोबारा इस्तेमाल में आने के साथ-साथ जहरीला और पर्यावरण के लिए हानिकारक न हो। यह जगजाहिर है कि इलेक्ट्रानिक सामान की दुनिया में कितनी तेजी से नए यंत्र सामने आ रहे हैं। किसी यंत्र का नया संस्करण के आने के बाद कुछ समय के भीतर ही बड़ी तादाद में पुराने यंत्र कचरे में तब्दील हो जाते हैं। यही वजह है कि वैश्विक पैमाने पर पुनर्चक्रण के मुकाबले ई-कचरे में पांच गुना तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। जिन देशों में यह कचरा भेजा जाता है, वहां के जल, भूमि और वायु पर इसका गहरा और विपरीत असर पड़ता है और पर्यावरण बुरी तरह प्रभावित होता है। इसके बाद उससे होने वाले प्रदूषण के दायरे में जो भी आबादी आती है, उसके स्वास्थ्य पर बहुस्तरीय जोखिम पैदा होते हैं। सवाल है कि संसाधनों और सुविधाओं के उपभोग के समांतर ही अनिवार्य रूप से पुनर्चक्रण की व्यवस्था करने के बजाय अमीर और विकसित देशों ने गरीब और विकासशील देशों को अपने खतरनाक ई-कचरे का ठिकाना क्यों बना लिया है। अगर समय रहते इस समस्या का ठोस हल नहीं निकाला गया, तो इस 'छिपी हुई सुनामी' के बेहद खतरनाक नतीजे सामने आ सकते हैं।

# हुड़दंगियों पर चला रामनगर पुलिस का हंटर

## रेस्टोरेंट में शराब परोसने वाले दो गिरफ्तार, 59 पर चालानी कार्रवाई



रामनगर(उद संवाददाता)।अपराध एवं अव्यवस्था पर कड़ी निगाह रखने वाली रामनगर पुलिस ने शुक्रवार शाम से चलाए गए विशेष अभियान 'ऑपरेशन रोमियो' के तहत तेज कार्रवाई करते हुए इलाके में शांति-व्यवस्था बनी रहने का संदेश दे दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल प्रह्लाद नारायण मीणा के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी सुमित पांडे के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार के नेतृत्व में शुरू किए गए अभियान का उद्देश्य सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने, हुड़दंगी तथा सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाले तत्वों पर नियंत्रण बैठाना था। अभियान के दौरान भवानीगंज क्षेत्र में दो रेस्टोरेंटों पर छापेमारी कर वहां शराब परोसते हुए दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। शुभम पुत्र शंकर, निवासी कंजरपड़ाव को शंकर रेस्टोरेंट में शराब परोसते हुए पकड़ा गया, जिसके खिलाफ एफआईआर संख्या 383/25 में धारा 60/21 आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। इसी तरह ईश्वर सिंह पुत्र आन सिंह को मेहरा रेस्टोरेंट में शराब परोसते हुए गिरफ्तार किया गया और उसके विरुद्ध एफआईआर संख्या 384/25 के तहत कार्रवाई की गई। इसके अलावा अभियान के दायरे में सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीते पाए गए कुल 59 लोगों के खिलाफ पुलिस एक्ट के तहत चालानी कार्यवाही की गई और उनसे कुल 15,000 का संयोजन शुल्क वसूला गया। यातायात उल्लंघनों पर भी अभियान के प्रभाव दिखे। 7 वाहन चालकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई, जिनमें से 2 वाहन सीज कर दिए गए और संबंधित चालकों से कुल 2,000 का जुर्माना वसूला गया। प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार ने बताया कि यह अभियान सार्वजनिक शांति-व्यवस्था बनाए रखने और असामाजिक तत्वों को कड़ी चेतावनी देने के लिए निरंतर जारी रहेगा। पुलिस का कहना है कि अब केवल चेतावनी भर से काम नहीं चलेगा कानून तोड़ने वालों के खिलाफ त्वरित और कड़ी कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों ने भी इस सख्त रुख का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे अभियान से समुदाय में शांति और सुरक्षा बनी रहेगी।

# नित्य गुरबाणी पाठ करने वाले 20 लोगों को किया सम्मानित



गदरपुर(उद संवाददाता)। श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के गुरु गद्दी दिवस को समर्पित एक विशेष कार्यक्रम गुरुद्वारा श्री गुरु हरगोबिंदसर नवाबगंज में मुख्य सेवादार वीर अनूप सिंह के दिशा निर्देशन में आयोजित किया गया । कार्यक्रम के दौरान पांच वाणियों का गुरबाणी पाठ, श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का सहज पाठ नित्य करने वाले 20 स्त्री,पुरुषों एवं बच्चों को विशेष गुरबाणी की पुस्तकों की किट देकर और सरोपा भेंट कर सम्मानित किया गया । ऐसे जागरूकता कार्यक्रम में 20 लोगों को सिख मिशनरी कॉलेज लुधियाना की गदरपुर इकाई द्वारा कपड़े के बैग एवं धार्मिक पुस्तकें प्रदान की गई जोकि समाज भलाई कार्यों के अंतर्गत चलाए जा रहे सिलाई प्रशिक्षण शिविर में तैयार किए गए । इस अवसर पर वीर अनूप सिंह ने कहा कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की वाणी सारे संसार के प्राणी मात्र के लिए एक ऐसा मार्ग प्रशस्त करती है कि हमें अपने जीवन में कभी भी असफलता नहीं होती। जन सहयोग से आयोजित किए गए जागरूकता कार्यक्रम हमेशा सफल रहते हैं। उन्होंने सभी संगत से नित्य प्रति सहज पाठ करने का आह्वान किया । कार्यक्रम आयोजक देवेंद्र सिंघ ने बताया कि लोगों को गुरबाणी से जोड़ने के लिए जागरूकता कार्यक्रम करते हुए जो सम्मानित करने का कार्य किया गया है यह तभी सफल होगा जब हम कम से कम एक या दो लोगों को गुरबाणी से जोड़ें । इस मौके पर गुरुद्वारा श्री गुरु हरगोविंद सर के प्रमुख सेवादार वीर अनूप सिंह,रागी हरजीत सिंह,कविश्री दविंदर सिंह ताज,भाई सतनाम सिंह शौंकी, दलविंदर सिंह ,ग्रंथी सभा के भाई राम सिंह,कथा वाचक जसवीर सिंह,गुरु प्रताप सिंह,बलराज सिंह,हरदेव सिंह,जसवंत सिंह,बलदेव सिंह,प्रकाश कौर,सिमरनप्रीत सिंह,आशा रानी के अलावा अन्य लोग मौजूद रहे।

# संघ के सेवा-संस्कार-समर्पण के सौ साल

बीती 27 सितंबर को दुनिया के सबसे बड़े स्वयंसेवी संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने 100 साल पूरे कर लिए यानी कि संघ ने अपनी शताब्दी यात्रा पूर्ण कर ली। हालांकि संघ तिथि के हिसाब से विजयादशमी को अपना स्थापना दिवस मनाता है। साल 1925 में 27 सितंबर को ही संघ के पहले सरसंघचालक डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार ने नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की स्थापना की थी। उस दिन दशहरा भी था। देश के लिए एक संगठित, अनुशासित और आत्मनिर्भर समाज का निर्माण करने की मूल भावना के साथ संघ का निर्माण किया गया। सौ साल का सफर कोई छोटा नहीं होता। यह एक लंबा और उपलब्धियों भरा सफर है। एक ऐसी यात्रा, जो आज भी अनवरत जारी है। संघ के सौ वर्ष पूर्ण कर लेना केवल संगठन की उपलब्धि नहीं, बल्कि देश और समाज में उसकी महती भूमिका का जीवंत प्रमाण है।कहते हैं कि स्वतंत्रता आंदोलन के दौर में डॉ. हेडगेवार ने अनुभव किया कि भारतीय समाज केवल राजनीतिक स्वतंत्रता से नहीं, बल्कि सामाजिक- सांस्कृतिक पुनर्जागरण से भी सशक्त हो सकता है। उन्होंने 1925 में नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की। संघ का एक ही उद्देश्य था, वह यह कि राष्ट्र को एक सशक्त, संगठित और आत्मनिर्भर समाज बनाना है। संघ की पहचान उसकी शाखा व्यवस्था से बनी। छोटी-छोटी शाखाओं के जरिए अनुशासन, शारीरिक प्रशिक्षण और राष्ट्रभक्ति की भावना को बढ़ावा देने का प्रयास किया गया। संघ से जुड़ने वाले व्यक्ति को स्वयंसेवक का नाम दिया गया। शाखा में हर वर्ग, उम्र और जाति के व्यक्ति को प्रवेश दिया गया। इसका मूल भाव समरसता था यानी कि संघ में सभी समान हैं और सभी के लिए संघ समान है। कोई बड़ा नहीं और कोई छोटा नहीं। सबसे पहले संघ की विकास यात्रा को समझने की कोशिश करते हैं। यह जानने का प्रयास करते हैं कि एक शाखा से विश्वव्यापी संगठन बनने तक संघ ने किस तरह का सफर तय किया है। संघ के प्रारंभिक विस्तार काल में उसने छोटी से लेकर बड़ी शाखाओं के जरिए युवाओं को संगठित करने का महती कार्य किया। स्वतंत्रता आंदोलन में उसके स्वयंसेवकों ने अप्रत्यक्ष रूप से समाज-सेवा के माध्यम से सहयोग किया। इसके बाद विभाजन की त्रासदी और शरणार्थियों की सहायता में संघ की सक्रियता ने उसकी समाजसेवी भूमिका को मजबूत किया। हालांकि इस दौरान राजनीतिक परिदृश्य में संघ को आलोचनाओं और प्रतिबंधों का भी सामना करना पड़ा। आपातकाल के विरोध में संघ ने बड़ी भूमिका निभाई। हजारों स्वयंसेवकों को जेल जाना पड़ा। इससे संघ की छवि लोकतांत्रिक मूल्यों के रक्षक संगठन के रूप में बनी। आपातकाल के बाद संघ ने समाज सेवा व राष्ट्र निर्माण के कार्य को और अधिक गति दी। संघ की शिक्षा, स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास में प्रेरित संस्थाओं का विस्तार हुआ। सेवा भारती, विद्या भारती और वनवासी कल्याण आश्रम जैसे संगठनों ने दूर-दराज क्षेत्रों तक अपनी शानदार और सेवाभावी पहुंच बनाई। इसके बाद संघ का वैश्विक विस्तार होना शुरू हुआ। कहने का भाव यह है कि पिछले दो दशकों में संघ का विस्तार केवल भारत तक सीमित नहीं रहा। प्रवासी भारतीय समाज में भी हिंदू स्वयंसेवक संघ जैसी संस्थाओं ने भारतीय संस्कृति को जीवंत करने का कार्य किया। संघ शाखाओं और सहयोगी संगठनों के जरिए समाज में सबसे अधिक सक्रिय कार्य कर रहा है। एक ऐसा कार्य, जिसके मूल में सेवा के अलावा कुछ भी नहीं है। चाहे राष्ट्र हो या फिर उसका नागरिक, सभी की सेवा करना संघ का मूल उद्देश्य है।अब राष्ट्र निर्माण में संघ के प्रमुख




योगदानों को समझने का प्रयास करते हैं। शिक्षा और संस्कार के क्षेत्र में संघ विद्या भारती के माध्यम से कार्य कर रहा है। वहीं सेवा भारती के माध्यम से संघ सामाजिक सेवा और आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में सक्रिय है। सेवा भारती गरीबों, दलितों, वनवासियों और जरूरतमंदों की सेवा में लगातार सक्रिय है। साल 2001 में गुजरात में आए भूकंप से लेकर 2020 की कोविड महामारी तक स्वयंसेवकों ने राहत कार्यों में उल्लेखनीय योगदान दिया। इधर, वनवासी कल्याण आश्रम के माध्यम से संघ ग्रामीण और आदिवासी विकास के लिए प्रतिबद्ध है। छात्रों के निर्माण के लिए संघ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के माध्यम से कार्य कर रहा है। संघ का भारतीय राजनीति पर भी पूरा प्रभाव है यानी कि देश की राजनीति भी संघ से अछूती नहीं है। हालांकि यह कार्य संघ स्वयं नहीं करता, बल्कि यह भारतीय जनता पार्टी कार्य देखती है। संघ हमेशा कहता है कि वह सीधे राजनीति में सक्रिय नहीं है। इसके बावजूद संघ का प्रभाव भारतीय राजनीति पर गहराई से दिखता है। भारतीय जनसंघ और भारतीय जनता पार्टी जैसे दल इसकी विचारधारा से जुड़े हैं। स्वतंत्रता से लेकर आज तक कई राष्ट्रीय नेता संघ की शाखाओं में प्रशिक्षित हुए हैं। वर्तमान राजनीतिक धारा में राष्ट्रवाद और सांस्कृतिक पुनर्जागरण संघ की दीर्घकालिक वैचारिक यात्रा का परिणाम है। संघ का मूल काम राजनीति करना है भी नहीं, क्योंकि उसके मूल में देश का निर्माण है। उसे देश गढ़ना है, वह भी हर हाल में।संघ का समाज पर भी समकालीन प्रभाव है। वह सामाजिक एकता के लिए काम कर रहा है, ताकि जातिगत भेदभाव कम हो और समरस समाज का निर्माण हो। संघ युवा चेतना को सक्रिय करने में भी जुटा हुआ है। संघ ने महिला सशक्तिकरण के लिए राष्ट्र सेविका समिति बनाई हुई है, जो महिलाओं को नेतृत्व का अवसर प्रदान कर रहा है। विदेशों में भारतीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार का माध्यम भी संघ बना हुआ है। संघ का प्रभाव प्रवासी भारतीयों पर भी गहराई से दिखाई पड़ता है। संघ भारत के साथ विश्व बंधुत्व की भावना पर काम कर रहा है। वह पूरी दुनिया को राह दिखाते हुए और नेतृत्व करते हुए एक सूत्र में पिरोने का प्रयास कर रहा है। राष्ट्र निर्माण के काम में संघ की चुनौतियां भी कम नहीं हैं। उसे कई मौकों पर आलोचनाओं का सामना भी करना पड़ा है। संघ को समय-समय पर आलोचनाओं और राजनीतिक प्रतिबंधों का भी सामना करना पड़ा है। आलोचकों का कहना है कि यह संगठन केवल हिंदू विचारधारा तक सीमित है। पर संघ ने अपने सेवा प्रकल्पों के जरिए यह सिद्ध किया कि उसका असली उद्देश्य राष्ट्र निर्माण है। असल में राजनीतिक दुर्भावनाओं के कारण संघ पर तीन बार प्रतिबंध लगाए गए हैं और उसकी आलोचना की गई है। संघ पर पहली बार प्रतिबंध 1948 में महात्मा गांधी की हत्या के बाद लगाया गया। दूसरी बार प्रतिबंध 1975 में आपातकाल थोपने के बाद लगाया गया। तीसरी बार प्रतिबंध 1992 में बाबरी मस्जिद ढहने के बाद लगाया गया। हर बार संघ पर आरोप लगाए गए, जो गलत साबित हुए। संघ हर जांच में बेदाग होकर निकला। संघ हर क्षेत्र में अलग ढंग से सक्रिय हैं। उसके 32 अनुषांगिक संगठन अलग-अलग क्षेत्रों में कार्य कर रहे हैं। 2025 तक संघ की शताब्दी यात्रा बहुत बड़ी और लंबी हो चुकी है। सौ साल में संघ 73,000 से अधिक शाखाओं तक पहुंच चुका है। दुनियाभर में उसके कई सहयोगी संगठन काम कर रहे हैं। देशभर में उसके 12,000 से अधिक विद्या भारती स्कूल संचालित हो रहे हैं। इनमें 30 लाख से अधिक छात्र राष्ट्र निर्माण की शिक्षा हासिल कर रहे हैं। संघ के अब तक डेढ़ लाख से अधिक सेवा प्रकल्प संचालित हो रहे हैं। संघ की भारत सहित दुनिया के 40 से अधिक देशों में उपस्थिति है। यह उसकी वैश्विक स्वीकार्यता को आवाज देती है। संघ के हजारों कार्यकर्ता अपना घर-बार छोड़कर पूर्ण रूप से राष्ट्र सेवा का कार्य कर रहे हैं। ये कार्यकर्ता विस्तारक, प्रचारक और स्वयंसेवक के रूप में देश को अपना हर संभव योगदान दे रहे हैं।अब बात करते हैं शताब्दी वर्ष और उसके महत्व की। साल 2025 संघ के लिए प्रतीकात्मक वर्ष है। असल में संघ की सौ वर्ष की यात्रा केवल एक संगठन की गाथा नहीं है, बल्कि उस विचार की सफलता है, जिसने भारतीय समाज को नई दिशा दी है। डॉ. हेडगेवार ने जो बीज साल 1925 में बोया था, वह आज करोड़ों स्वयंसेवकों के विशाल वटवृक्ष में बदल चुका है। संघ की कई पीढ़ियां तिल-तिल जली हैं, तब जाकर संघ की पहचान अनुशासन, सेवा, सांस्कृतिक जागरण और राष्ट्रभक्ति के रूप में बनी है। संघ की यह यात्रा देश को सशक्त, सांस्कृतिक रूप से समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने की यात्रा है। यह यात्रा आज भी अनवरत जारी है और आगे भी रहेगी। संघ माने सेवा-संस्कार-समर्पण के जरिए राष्ट्र निर्माण का संकल्प।

**-अमित बैजनाथ गर्ग,वरिष्ठ पत्रकार**

# पुलिस ने चरस और स्मैक तस्करो को किया गिरफ्तार

बागेश्वर(उद संवाददाता)। बागेश्वर पुलिस को चरस और स्मैक तस्करी करने के मामले में कामयाबी मिली है। छापेमारी अभियान मेंपुलिस को दो तस्करो को पकड़ने में सफलता मिली है।दोनों मामलों में चरस तस्करी में एक व्यक्ति जबकि स्मैक के साथ एक युवक को पकड़ने में बागेश्वर पुलिस और एसओजी टीम को सफलता मिली है। दीपावली पर्व के बाद एसपी चन्द्रशेखर घोड़के द्वारा नशा तश्करी करने वालों पर सख्ती बरतने हेतु सभी थानों को अपने क्षेत्र में विशेष चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए,जिसके बाद पुलिस और एसओजी टीम जांच में जुट गई।एसपी घोड़के के नेतृत्व में और पुलिस उपाधीक्षक अजय वर्मा के पर्यवेक्षण में कोतवाली पुलिस और एसओजी टीम के संयुक्त अभियान में बृहस्पतिवार को जांच के दौरान कपकोट मार्ग के पंद्रह पाली तिराहे में एसओजी टीम के साथ जांच के दौरान एक व्यक्ति को बागेश्वर आते समय शक होने पर उसकी गहनता से जांच की। जांच के दौरान अभियुक्त खीम सिंह पुत्र मलक सिंह कर्मी गांव के सापुलि तोक निवासी, थाना कपकोट के कब्जे से एक किलो 40ग्राम अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया गया। जबकि शुक्रवार सुबह एसओजी और कोतवाली पुलिस की टीम ने अलग अलग स्थानों में अवैध नशे के खिलाफ अभियान चलाया जिसमें कोतवाली क्षेत्र में कोतवाल अनिल उपाध्याय और एसओजी प्रभारी सलाउद्दीन के नेतृत्व में चले अभियान में कांडा रोड के छतीना के समीप 4.34 ग्राम अवैध स्मैक के साथ कांडा निवासी अभिषेक वर्मा पुत्र दीपक वर्मा उम्र 22 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। मामले का खुलासा करते हुए एसपी चन्द्रशेखर घोड़के ने बताया कि अवैध नशे का कारोबार करने वालों के खिलाफ बागेश्वर पुलिस का अभियान जारी रहेगा।उन्होंने सभी लोगों से अवैध नशे का काला कारोबार करने वालों की जानकारी पुलिस को देने जानकारी देने वालोंको पुलिस द्वारा सम्मानित करने की बात कही।इस दौरान पुलिस टीम में कोतवाल अनिल उपाध्याय, एसओजी प्रभारी सलाउद्दीन, एसएसआई खष्टी बिष्ट, सहित एसओजी की टीम के सायबर मामलों के जानकार चंदन कोहली,भुवन बोरा आदि मौजूद थे।



# देश लिजी लड़नै रुलो मैं अघिल बड़नै रुलो..

## पुरस्कार वितरण के साथ दीप महोत्सव हुआ सम्पन्न

गरुड़। ग्राम पंचायत मटेना में आयोजित दीप महोत्सव पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न हो गया है। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख किशन बोरा ने गांव के विकास के लिए हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया। नवयुवक मंगल दल मटेना के तत्वाधान में आयोजित 50 वें दीप महोत्सव में जिपंस जनार्दन लोहुमी ने विकास कार्यों का ब्यौरा प्रस्तुत किया। इस मौके पर कलाकारों ने एक से बढ़कर एक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर समारोह में समां बाध दिया। जय बागनाथ लोक कला समिति के कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरी। अध्यक्षता नवयुवक मंगल दल के अध्यक्ष कैलाश खुल्बे ने तथा संचालन संरक्षक चंद्रशेखर बड़सीला ने किया। इस दौरान पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण, नपं अध्यक्ष भावना वर्मा, जिपंस दीपक खुल्बे, जिपं सदस्य और ब्यापार मंडल जिलाध्यक्ष बबलू नेगी,विधायक प्रतिनिधि भाष्कर दास, ज्येष्ठ प्रमुख नंदन थापा, कनिष्ठ प्रमुख भावना खुल्बे, ग्राम प्रधान नीमा जोशी, पूर्व प्रधान रविशंकर बिष्ट, पूर्व क्षेपंस भोला दत्त तिवारी, कैलाश शास्त्री, इंद्र सिंह फर्सवाण, वरिस्ट पत्रकार अनिल पांडे,उमेश जोशी, शंकर टम्टा, जेसी आर्या, मोहन जोशी, दीपक पाठक, संजय साह जगाती, हेम चंद्र पांडे, मनोज जोशी, दीप चंद्र बिष्ट, नवीन मिश्रा, विनोद खोलिया, संजय बड़सीला, अनिल पांडे, मनोज खोलिया, सुरेश खोलिया, संजय पांडे, जगदीश खोलिया, राजू नेगी, नीमा बड़सीला, पुष्पा पांडे समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे। दीप महोत्सव में गांव के मेधावी छात्र वैभव जोशी, निर्मल कांडपाल व किरन बिष्ट को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर दिव्या बिष्ट का शास्त्रीय नृत्य व बाल कलाकारों द्वारा सोशल मीडिया के दुरूपयोग पर प्रस्तुत नाटक ने जमकर तालियां बटोरी। पूर्व प्रधान चंद्रशेखर जोशी ने कुमाउनी जागर प्रस्तुत कर सबको लोटपोट कर दिया। बाल कलाकारों को भी पुरस्कार प्रदान किया गया।



# सरदार बल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर एकता पदयात्रा आयोजित करने के दिए निर्देश

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने कलेक्ट्रट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर Sardar@150 Campaign एवं राष्ट्रीय एकता दिवस की तैयारियों की समीक्षा की।बैठक में सीडीओ आर.सी. तिवारी ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर जनपद में कौसानी में चार,कपकोट में पांच एवं बागेश्वर में आठ नवम्बर को एकता पदयात्रा आयोजित किए जाने और पदयात्रा में युवाओं, छात्र–छात्राओं, स्वयं सहायता समूहों एवं स्थानीय संस्थाओं की भागीदारी सुनिश्चित कर भव्य रूप से कार्यक्रम आयोजित किए जाने, साथ ही मार्ग की सफाई, सुरक्षा, पोर्टेबल शौचालय एवं #Sardar@150 सेल्फी स्टैंड की व्यवस्था किए जाने की बात कही। जिलाधिकारी ने छः नवम्बर को गरुड़ में स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने व विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती के निर्देश दिए।डीएम आकांक्षा कोंडे ने कहा कि नशा मुक्ति एवं तंबाकू मुक्त अभियान को केवल औपचारिक कार्यक्रम न रखकर समाज में वास्तविक चेतना उत्पन्न करने का माध्यम बनाया जाए। चिकित्सकों, पुलिस अधिकारियों एवं प्रेरक वक्ताओं द्वारा विद्यालयों और युवाओं में संवाद कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए।जिलाधिकारी ने प्रभावित क्षेत्रों में विशेष जागरूकता कार्यक्रम चलाने तथा विद्यालयों की परीक्षा व्यवस्था प्रभावित न होने देने के निर्देश भी दिए। बैठक में सीडीओ आर.सी. तिवारी, एसीएमओ डॉ. दीपक कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी विनय कुमार आर्या, प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी गुंजन बाला सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



# जिला अवैध खनन निरोधक दल की बैठक सम्पन्न

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला अवैध खनन निरोधक दल की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जनपद के खनन स्थलों की स्थिति,और वहां की गई कार्यवाहियों एवं आगे की रणनीति पर चर्चा हुई।जिला खान अधिकारी नाजिया हसन ने जिलाधिकारी को जिले में खनन संबंधी संचालित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। जिलाधिकारी ने कहा कि खनन स्थलों का समयबद्ध निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए तथा उच्च न्यायालय के आदेशों का पूर्ण अनुपालन किया जाए। उन्होंने ड्रोन सर्वे हेतु समिति गठन के निर्देश दिए ताकि निगरानी अधिक प्रभावी व साक्ष्य आधारित हो सके।जिलाधिकारी ने सभी विभागों को खनन से होने वाले नुकसान की नियमित रिपोर्टिंग करने और पीएमजीएसवाई विभाग को सड़कों की क्षति संबंधी रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में जल संस्थान विभाग के अनुपस्थित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोड़खे, एडीएम एन.एस. नबियाल, एसडीएम प्रियंका रानी, एआरटीओ अमित कुमार, जिला खान अधिकारी नाजिया हसन सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।




## पेज एक का शेष...

**यूसीसी के तहत ...**व्यक्तियों के लिव इन संबंधों में आने पर उनके अभिभावकों को सूचना देने के नियम में भी बदलाव पर विचार कर रही है। इसके साथ ही आधार कार्ड के माध्यम से पंजीकरण की अनिवार्यता को लेकर भी छूट दी जा सकती है। इसके अलावा लिव इन संबंधों की जांच की व्यवस्था हटाने का प्रस्ताव भी रखा जा रहा है। गृह विभाग के अधिकारियों का कहना है कि ये बदलाव नागरिकों की निजता को सम्मान देने के लिए जरूरी हैं और इसके साथ ही नियमावली अधिक लचीली और व्यावहारिक बन सकेगी। प्रस्तावित बदलावों के लागू होने के बाद लिव इन में रहने वाले जोड़े बिना अनावश्यक दबाव के अपनी जानकारी पंजीकृत कर सकेंगे। यह कदम सरकार की उस कोशिश को दर्शाता है, जिसमें कानून और नागरिक अधिकारों के बीच संतुलन बनाए रखने की कोशिश की जा रही है। सरकार की योजना है कि नए नियमों से लिव इन संबंधों में रह रहे नागरिकों की निजता और स्वतंत्रता का सम्मान सुरक्षित रखा जाएगा।

**धान तौल को लेकर...** विनय चौधरी, मंडी सचिव विनोद पलडिया किसानों से मिलने धरनास्थल पर पहुंची। उन्होंने किसानों से वार्ता की। किसानों ने रीजनल मार्केटिंग ऑफिसर से इन बिंदुओं पर जबाव मांगा हैं। किसानों से लगातार अफसरों की वार्ता जारी है। सरदार गुरसेवक सिंह ने कहां की किसानों के साथ अहित नहीं होने दिया जाएगा। विरोध करने वालों में सरदार गुरसाहब सिंह, अर्शदीप सिंह, अनिरुद्ध राय, सलीम, कर्मा लाहोरिया, शेर सिंह मल्ली, छिन्दा सिंह, अमरजीत, गुरनाम, दीप सिंह, शरीफ आदि मौजूद थे

**एसडीएम ने सरकारी...**हैं। एसडीएम ने बताया कि निरीक्षण में कई खामियाँ मिली हैं। कुछ डॉक्टरों के पास ढाई घंटे बाद भी केवल 4 से 5 मरीज ही उपचार के लिए पहुंचे थे, जो गंभीर लापरवाही को दर्शाता है। वहीं एक्स–रे विभाग में भी काफी सुस्ती पाई गई और डेढ़–दो घंटे में मुश्किल से कुछ ही एक्स–रे किए गए थे। निरीक्षण के दौरान कई चिकित्सक और कर्मचारी बिना वर्दी व नेमप्लेट के मिले। उन्होंने बताया कि सुबह अस्पताल में सफाई कर्मचारियों और मैटर्न के बीच विवाद की भी जानकारी सामने आई है, जिसकी जांच की जा रही है। इसके अलावा अस्पताल में अल्ट्रासाउंड सुविधा का न होना भी बड़ी समस्या के रूप में सामने आई है, जिससे गर्भवती महिलाओं को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एसडीएम प्रमोद कुमार ने कहा कि अस्पताल की स्थिति बेहद चिंताजनक है और इस संबंध में विस्तृत रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि जिन कर्मचारियों और अधिकारियों की लापरवाही सामने आई है, उनके खिलाफ कार्यवाही की संस्तुति की जाएगी। स्थानीय नागरिकों और समाजसेवी संगठनों ने भी अस्पताल की अव्यवस्थाओं को लेकर लंबे समय से आवाज उठाई है, लेकिन सुधार के नाम पर कोई ठोस कदम अब तक नहीं उठाया गया। निरीक्षण के बाद उम्मीद जताई जा रही है कि प्रशासन अब इस दिशा में सख्त कदम उठाएगा, ताकि रामनगर की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ मिल सकें।

**12 लाख की चरस...**किया कि वह पहले भी चरस तस्करी के मामले में जेल जा चुका है और जमानत पर छूटने के बाद फिर से तस्करी का धंधा शुरू कर बैठा था। एसटीएफ की टीम को पूछताछ के दौरान कई अन्य नशा तस्करों के नामों की जानकारी मिली है और उन पर भी अलग से कार्रवाई की योजना बनाई जा रही है। आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड भी विस्तृत रूप से खंगाला जा रहा है। इस कार्रवाई में निरीक्षक पावन स्वरूप, एस आई विपिन चंद्र जोशी, एसआई विनोद चंद्र जोशी, एएसआई जगवीर शरण, हेड कां. मनमोहन सिंह, आरक्षी वीरेंद्र चौहान व आरक्षी इसरार अहमद तथा कोतवाली हल्द्वानी की टीम वरिष्ठ उपनिरीक्षक रोहताश सागर, एएसआई अशोक कुमार व आरक्षी रणबीर सिंह शामिल रहे।

**कंटेनर और ट्रैक्टर...**सिविल अस्पताल रुड़की में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। सूचना मिलते ही गंगनहर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, हादसे के बाद कंटेनर चालक मौके से फरार हो गया। वाहन की तलाश की जा रही है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। इस घटना से क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है।

**झोपड़ी में लगी ...**सामने आई है कि दीपावली की आतिशबाजी के दौरान छोड़ा गया एक रॉकेट झोपड़ी की छत पर गिर गया, जिससे आग लग गई और देखते ही देखते उसने पूरी झोपड़ी को अपनी चपेट में ले लिया। मुखानी थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश जोशी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में रॉकेट के कारण आग लगना ही सामने आया है। रॉकेट झोपड़ी की छत पर गिरने से अंदर रखा सिलेंडर फट गया, जिससे झोपड़ी पूरी तरह राख हो गई। सौभाग्य से घटना के समय परिवार अपने पैतृक गांव में था, अन्यथा जनहानि भी हो सकती थी।

**तलवार के साथ...**टीन शेड के पास पहुँची, तो एक युवक को संदिग्ध अवस्था में खड़ा देखकर वाहन रोका गया। पुलिस को देखकर युवक घबरा गया और पास खड़े एक वाहन के पीछे जाकर छिपने की कोशिश करने लगा। शक होने पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की और पीछा कर युवक को पकड़ लिया। युवक ने खुद को सुभाष कॉलोनी निवासी बताया। पुलिस ने उसकी तलाशी ली तो उसकी कमर में ठूंसी हुई एक तलवार मय म्यान बरामद हुई। तलवार के संबंध में पूछताछ करने पर किशोर ने बताया कि बीती रात उसका अपने ही मोहल्ले के कुछ लड़कों से झगड़ा हुआ था, इस दौरान उसने यह तलवार लहराई थी और वही वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। किशोर की उम्र 16 वर्ष पाई गई, जिस पर पुलिस ने उसे विधि विवादित किशोर मानते हुए मानक प्रक्रिया के तहत अपर उप निरीक्षक अमित कुमार के प्रभार में सौंप दिया।

**तबेले में गोबर..** गलत हरकत करने का प्रयास करता रहा है। इस बीच एक बच्चे ने हिम्मत दिखाते हुए मोबाइल से आरोपी की करतूत का वीडियो रिकॉर्ड कर लिया। महिला का कहना है कि 24 अक्टूबर को जब यह वीडियो वायरल हुआ तो उसे पूरे मामले की जानकारी मिली। इसके बाद उसने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और सभी तथ्यों की बारीकी से पड़ताल की जा रही है।

**सरेआम हथियार लहराने...** पूछताछ में अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि यही तमंचे उन्होंने कुछ दिन पूर्व रम्पुरा व रेशमबाड़ी क्षेत्र में टशन दिखाने के लिए हवा में लहराए थे, जिससे उनका वीडियो वायरल हुआ था।

# बिहार में मीडिया सत्तारूढ़ गठबंधन की दरारों को नहीं देख रहा: हरदा

देहरादून। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य हरीश रावत ने कहा कि बिहार में निष्पक्ष चुनाव और निर्भीकता से मतदान सुनिश्चित कराना लोकतंत्र के लिए आवश्यक है। हरीश रावत छुटमलपुर में कांग्रेस ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय महासचिव मुजतबा मलिक के निवास पर बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मीडिया सत्तारूढ़ गठबंधन की दरारों को नहीं देख रहा है। वहां जेडीयू और भाजपा के एक दर्जन के करीब लोग बागी होकर चुनाव लड़ रहे हैं, उसकी चर्चा नहीं हो रही है। मगर कांग्रेसनीत गठबंधन में कहीं जरा सी खामी भी दिखाई दे रही है तो उसको बहुत प्रचारित किया जा रहा है। रावत ने कहा कि निष्पक्ष चुनाव



के लिए माननीय सुप्रीम कोर्ट की सजगता, चुनाव आयोग की निष्पक्षता के साथ–साथ समाचार तंत्र की निष्पक्षता भी आवश्यक है। कहा कि बिहार में मुख्यमंत्रियों की फौज लगा रखी है, लेकिन जनता ने मन बना लिया है कि दल बदलुओं और पलटूराम अब मंजूर नहीं हैं। सरकार का जाना तय है। गठबंधन की सरकार बनना पक्का हो गया है। भाजपा झूठ और झूठी घोषणाओं को आधार बनाकर आम जनमानस को बेवकूफ बनाकर सत्ता में आई थी, लेकिन देश की जनता धीरे–धीरे सब समझ गई है। इससे पहले यहां पहुंचने पर अब्दुल हसीब मलिक, मनोज चौधरी, प्रधान फरमान मलिक, प्रधान नासिर अली, राव यूसुफ, रामबीर सिंह, महबूब मलिक, पदम सिंह आदि ने माल्यार्पण कर पूर्व मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

संस्थापक- स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रुद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)





# उत्तराखंड में 215 चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किये

देहरादून(उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से आज देश भर के 40 विभिन्न स्थानों पर लगभग 51,000 चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र जारी किए। इसी क्रम में उत्तराखण्ड में देहरादून स्थित सर्वे ऑफ इंडिया के ऑडिटोरियम में रोजगार मेला का आयोजन किया गया जिसमें उत्तराखण्ड डाक परिमण्डल की मुख्य पोस्टमास्टर जनरल श्रीमती शशि शालिनी कुजूर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। इस अवसर पर उत्तराखण्ड डाक विभाग में नियुक्त 59 डाक सहायकों एवं डाक सेवकों के अतिरिक्त रेलवे के 14, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के 81, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के 19, टिहरी हाइड्रो डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड के 41 एवं आईआईएम सिरमौर के 01 सहित 215 चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किये गए। इस अवसर पर मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल ने



सभी चयनित युवाओं को उनकी नियुक्ति के लिए शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि रोजगार मेला रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर उत्तराखण्ड परिमण्डल के निदेशक डाक सेवाएं, श्री अनसूया प्रसाद चमोला सहित रेलवे के श्री अनिल कुमार सैनी चीफ वेलफेयर ऑफिसर, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के श्री अरविन्द खण्डूरी, सहायक कमांडेंट आईटीबीपी, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के श्री राजीव कुमार सिंह, मुख्य प्रबंधक एवं टिहरी हाइड्रो डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड की मिस झरना दलाई, एचआर ऑफिसर एवं डाक विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# उत्तरांचल ग्रामीण बैंक ने 35,49,371 की धनराशि मुख्यमंत्री राहत कोष में दिए


देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी से शनिवार को मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में उत्तरांचल ग्रामीण बैंक के प्रतिनिधियों ने भेंट की। इस दौरान बैंक के प्रतिनिधियों ने उत्तराखण्ड में आपदा प्रभावितों की सहायता एवं पुनर्निर्माण कार्यों के लिए 35,49,371 की धनराशि मुख्यमंत्री राहत कोष में प्रदान




की। मुख्यमंत्री ने इस सहयोग के लिए बैंक प्रबंधन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योगदान आपदा प्रभावितों की सहायता एवं पुनर्निर्माण कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्गों द्वारा किया गया सहयोग अत्यंत सराहनीय है और इससे पीड़ितों को राहत मुहैया कराने में भी सहायता मिलेगी। इस अवसर पर बैंक के चेयरमैन श्री हरिहर पटनायक, श्री राजीव प्रकाश, सुश्री भारती नौडियाल , श्री हरीश कण्डारी, श्री महिपाल डसीला मौजूद रहे।

# भिखारी महिला के पास निकला नोटों का खजाना, लोग हैरान

रूड़की। मंगलौर कस्बे में 13 साल से रह रही दिमागी रूप से कमजोर भिखारी महिला के पास लगभग एक लाख रुपये की नकदी मिली है। नकदी को देखकर लोग हतप्रभ रह गए। आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस महिला को सुरक्षित स्थान पर भेजने की तैयारी कर रही है। वहीं महिला के पास मिली नगदी को गिनते हुए लोगों का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। लोगों का कहना है कि इतने वर्षों से महिला लोगों से भीख मांगकर अपना जीवन यापन कर रही है। प्रशासन को महिला की सुध लेकर उसके रहने का इंतजाम करना चाहिए। बताया जा रहा है कि मंगलौर







कस्बे के मोहल्ला पठानपुरा में एक मकान के पास एक दिमागी रूप से कमजोर महिला करीब 13 साल से रह रही थी। मोहल्ले के लोगों ने उसे वहां से हटाया तो उसके पास से प्लास्टिक के थैले से काफी पैसे मिले। मोहल्लेवालों ने पुलिस को सूचना दी। यही के कुछ लोगों ने उन पैसों को गिनना शुरू किया तो लगभग दो घंटे की मशक्कत के बाद 53186 रुपये व 17 किलोग्राम के सिक्के मिले हैं। कोतवाल अमरजीत सिंह ने बताया कि महिला को सुरक्षित स्थान पर भेजने के लिए भरतपुर व दिल्ली में स्थित सामाजिक संस्था अपना घर से संपर्क किया जा रहा है। जल्द ही महिला को सुरक्षित स्थान पर भेज दिया जाएगा। वही स्थानीय लोगों का कहना है कि अभी नोटो की लगातार गिनती की जा रही है और उम्मीद है कि यह गिनती एक लाख रुपये के करीब हो सकती है वही उनके द्वारा स्थानीय लोगो को चौकी प्रभारी ने आश्वासन दिया कि महिला को जल्द ही किसी सुरक्षित स्थान पर भेज दिया जाएगा क्योंकि महिला के पास रुपये होने की खबर के बाद चोर उच्चके उसके रुपयों की चुराने की फिराक में लग गए है।






# राज्य स्थापना दिवस पर राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के स्वागत की तैयारियां तेज

देहरादून। राज्य स्थापना दिवस की तैयारियों एवं रजत जयंती पर राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियां तेज हो गई हैं। शुक्रवार को डीएम सविन बंसल ने ऋषिपर्णा सभागार में अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान उच्च स्तरीय अधिकारियों को नोडल अधिकारी नामित करते हुए कार्यवाही के निर्देश दिए गए। राज्य स्थापना दिवस पर प्रवासी उत्तराखंडी सम्मेलन के साथ ही सैन्यधाम का लोकार्पण प्रस्तावित है। इस मौके पर राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री का आना प्रस्तावित है। डीएम ने लोनिवि, एमडीडीए, नगर निगम, विद्युत एवं वन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रस्तावित रूट सड़क मार्ग शहर के सौंदर्यीकरण, सफाई, झूलती विद्युत लाइन और गिरासू पेड़ों की लोपिंग समय पर की जाए। पेयजल विभाग को कार्यक्रम स्थलों पर पेयजल आदि व्यवस्थाओं को सुचारू रखने के लिए कहा। कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। रजत जयंती सप्ताह पर नारी शक्ति दिवस, सुशासन दिवस, यूथ स्पोर्ट्स, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन, बलिदानियों को नमन, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत आदि विषयों पर आधारित प्रतिदिन अलग-अलग थीम के साथ जिले में कार्यक्रम किए जाएंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्यक्रमों की समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। नारी शक्ति दिवस पर स्वयं सहायता समूह व एनआरएलएम समूह ने तैयार उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई जाए। बैठक में सीडीओ अभिनव शाह, प्रभागीय वनाधिकारी नीरज शर्मा, अपर जिलाधिकारी केके मिश्रा, पुलिस अधीशक नगर प्रमोद कुमार आदि अधिकारी मौजूद रहे।